Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवबंद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 6 अंक: 118 | बुधवार, 30 अप्रैल -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## हाई लेवल मीटिंग में बोले पीएम मोदी

# आतंकवाद को करारा जवाब देना हमारा राष्ट्रीय संकल्प

**नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद आतंकवाद के सरगना पाकिस्तान के खिलाफ सैन्य कारवाई के लिए भारत की तीनों सेनाओं को खुली छूट दे दी है। पहलगाम में 26 निर्दोष नागरिकों की नृशंस हत्या के बाद देश में उपजे आक्रोश के बीच मंगलवार को प्रधानमंत्री ने रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, सीडीएस तथा तीनों सेनाओं के प्रमुखों के साथ हुई शीर्षस्थ बैठक में मोदी ने सैन्य बलों को किसी भी तरह की कार्रवाई करने की हरी झंडी दे दी। भारतीय सेना अब कार्रवाई का समय और टारगेट अपने हिसाब से तय करेगी। केंद्र सरकार के सूत्रों ने बैठक के बाद बताया कि प्रधानमंत्री ने इस उच्चस्तरीय रणनीतिक बैठक में देश की सेनाओं की सामरिक क्षमता में संपूर्ण भरोसा जताते हुए कहा कि आतंकवाद को करारा जवाब देना हमारा दृढ़ राष्ट्रीय संकल्प है। सूत्रों के अनुसार पीएम मोदी ने पहलगाम आतंकी हमले के परिप्रेक्ष्य में कार्रवाई किए जाने के विकल्पों पर सैन्य नेतृत्व से चर्चा करते हुए कहा कि हमारी जवाबी कार्रवाई का तरीका क्या हो, इसके टार्गेट्स कौनसे हों और इसका समय क्या हो, इस प्रकार के ऑपरेशनल निर्णय लेने के लिए सैन्य बलों को खुली छूट है।


**पाकिस्तान पर प्रहार के लिए सेनाओं को खुली छूट**



## || सार संक्षेप

### ऑटो क्षेत्र को राहत, ट्रंप ने किया 25% टैरिफ में बदलाव का एलान

**नई दिल्ली।**




अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 25 फीसदी टैरिफ में राहत देने का एलान किया है, जिसका लाभ ऑटो क्षेत्र को हो सकता है। इस फैसले से कारों और ऑटो पार्ट्स की कीमतें कम हो सकती हैं, जिससे अमेरिका में बनी कारों की वैश्विक प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी और फैक्ट्री में रोजगार बढ़ सकता है।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप 25 फीसदी टैरिफ में राहत देने का एलान किया है। इससे ऑटो क्षेत्र को लाभ हो सकता है। व्हाइट हाउस ने बताया कि ट्रंप मंगलवार को इस संबंध में एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर करेंगे। टैरिफ के कारण कारों और ऑटो पार्ट्स की कीमतें बढ़ने लगी थीं, जिससे अमेरिका में बने वाहनों की वैश्विक प्रतिस्पर्धा घट सकती थी और फैक्ट्री में रोजगार पर खतरा मंडरा रहा था। स्वतंत्र रिपोर्ट और ऑटो कंपनियों का कहना था कि टैरिफ की वजह से नई कारें महंगी हो जाएंगी। बिक्री घट सकती है, जिससे उत्पादन भी प्रभावित होगा। इससे अमेरिकी कार उद्योग की वैश्विक बाजार में हिस्सेदारी घट सकती है।

## पाकिस्तानी क्रिकेटर ने लगाया ऋतिक पर आरोप, कहा- एक्टर के इवेंट में हुई बीफ पार्टी

**नई दिल्ली।**



पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर दानिश कनेरिया ने ऋतिक रोशन पर बड़ा इल्जाम लगाया है और गृह मंत्रालय से गुजारिश की है कि उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए। पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर दानिश कनेरिया ने बॉलीवुड अभिनेता ऋतिक रोशन पर बड़ा इल्जाम लगाया है। दानिश ने ऋतिक के हाल ही में अमेरिका में किए गए प्रदर्शन की सार्वजनिक रूप से आलोचना की है। कनेरिया ने आरोप लगाया है कि ऋतिक ने एक ऐसे कार्यक्रम में प्रस्तुति दी जिसमें चरमपंथी और खालिस्तानी समूहों से जुड़े लोग शामिल थे। दानिश ने सोशल मीडिया पर इल्जाम लगाया कि इवेंट के दौरान 'बीफ पार्टी' की गई और हिंदू देवी देवताओं का अपमान किया गया। उन्होंने गायक शान के बारे में चिंता जाहिर की जो कथित तौर पर अगले महीने इसी ग्रुप के साथ परफॉर्म करने वाले हैं।

## पीएम मोदी से मिले मोहन भागवत

**नई दिल्ली।**



पहलगाम आतंकी हमले के बाद तेजी से बदलते घटनाक्रम के बीच मंगलवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से उनके आवास सात, लोक कल्याण मार्ग में मुलाकात की। माना जा रहा है कि इस दौरान गृह मंत्री अमित शाह भी मौजूद रहे। सूत्रों का कहना है कि यह बैठक पहलगाम आतंकी हमले को लेकर थी। सत्ताधारी भाजपा के वैचारिक मार्गदर्शक और समूचे देश में स्वयंसेवकों के विशाल संगठन वाले आरएसएस के मुखिया के साथ यह बैठक काफी अहम मानी जा रही है। प्रधानमंत्री के कार्यकाल के दौरान भागवत ने नरेन्द्र मोदी के आधिकारिक निवास पर बेहद ही कम मौकों पर मुलाकात की है। संघ ने इस आतंकी हमले की ऱ्चदा करते हुए कहा था कि यह भारत की एकता और अखंडता पर हमला है और इसके पीछे के सभी लोगों को कठोर सजा दी जाए। आरएसएस ने कहा था,ज्सभी राजनीतिक दलों और संघों को अपने मतभेद भुलाकर इस आतंकी हमले की ऱ्चदा करनी चाहिए। सरकार इस हमले में पीड़ित सभी परिवारों को आवश्यक राहत प्रदान करे और इस हमले के जिम्मेदार लोगों को उचित सजा देना सुनिश्चित करे। मोहन भागवत से मुलाकात करने से पहले पीएम आवास में हाई लेवल मीटिंग हुई थी। इस मीटिंग में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, ठरअ अजीत डोभाल और उऊर जनरल अनिल चौहान और थलसेना अध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी और नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी भी मौजूद थे। मीटिंग में पीएम मे कहा कि सरकार को भारतीय सेना पर पूरा भरोसा है। वहीं, अटैक का तरीका और समय सेना तय करे। पीएम मोदी ने आतंकियों पर कार्रवाई करने के लिए सेना को खुली छूट दी है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आतंकवाद को करारा झटका देना हमारा राष्ट्रीय संकल्प है। प्रधानमंत्री मोदी ने भारतीय सशस्त्र बलों की पेशेवर क्षमताओं में पूर्ण विश्वास और भरोसा जताया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उन्हें (भारतीय सेना) हमारी प्रतिक्रिया के तरीके, लक्ष्य और समय पर निर्णय लेने की पूरी परिचालन स्वतंत्रता है।

### आईसीसी ने लगाया भारतीय टीम पर जुमार्ना

**नई दिल्ली।**




आईसीसी ने मंगलवार को भारतीय टीम पर मैच फीस का पांच प्रतिशत जुमार्ना लगाया है। क्रिकेट की वैश्विक संस्था ने इसकी जानकारी देते हुए कहा- खिलाड़ियों और टीम के सहयोगी कर्मियों के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 (न्यूनतम ओवर गति से संबंधित) के तहत खिलाड़ियों पर उनके द्वारा आवंटित समय में गेंदबाजी करने में विफल रहने पर प्रत्येक ओवर के लिए उनकी मैच फीस का पांच प्रतिशत जुमार्ना लगाया जाता है। श्रीलंका के खिलाफ त्रिकोणीय सीरीज के पहले मुकाबले में धीमी ओवर गति के कारण अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने भारतीय टीम पर जुमार्ना लगाया है। यह मुकाबला रविवार को कोलंबो में ही खेला गया था जिसे हरमनप्रीत कौर की टीम ने नौ विकेट से जीता था।

## चार धाम यात्रा 30 अप्रैल से शुरू

**नई दिल्ली।**




चार धाम यात्रा 30 अप्रैल 2025 से शुरू होने जा रही है। पिछले साल जहां 48 लाख से ज्यादा तीर्थयात्रियों ने चार धाम की यात्रा की थी, वहीं इस बार 50 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं के वहां पहुंचने की उम्मीद है। ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन 20 मार्च से शुरू हुआ था, जबकि ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन 28 अप्रैल से शुरू हुआ था। चार धाम यात्रा 30 अप्रैल 2025 से शुरू होने जा रही है। पिछले साल जहां 48 लाख से ज्यादा तीर्थयात्रियों ने चार धाम की यात्रा की थी, वहीं इस बार 50 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं के वहां पहुंचने की उम्मीद है। ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन 20 मार्च से शुरू हुआ था, जबकि ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन 28 अप्रैल से शुरू हुआ था। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, अब तक 20 लाख तीर्थयात्री चार धाम यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन भी करा चुके हैं। अब आइए जानते हैं कि चार धाम कैसे पहुंचें, कहां ठहरें और इस यात्रा पर कितना खर्च आएगा। उत्तराखंड के उच्च गढ़वाल हिमालयी क्षेत्र में स्थित गंगोत्री और यमुनोत्री मंदिरों के कपाट छह माह बंद रहने के बाद अक्षय तृतीया के पर्व पर बुधवार को फिर श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि गंगोत्री और यमुनोत्री मंदिरों के कपाट खुलने के साथ ही इस वर्ष की चारधाम यात्रा की शुरूआत हो जाएगी हालांकि केदारनाथ और बदरीनाथ के कपाट क्रमशः दो मई और चार मई को खोले जाएंगे। उन्होंने बताया कि चारधाम यात्रा को लेकर सुरक्षा व्यवस्था से लेकर अन्य सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। अधिकारियों ने बताया कि चारधाम यात्रा के लिए श्रद्धालुओं में अपार उत्साह नजर आ रहा है और अब तक देश-विदेश के 22 लाख से अधिक श्रद्धालु अपना पंजीकरण करवा चुके हैं। उत्तरकाशी जिले में देवी गंगा की मूर्ति को मंगलवार दोपहर 12 बजे उनके शीतकालीन प्रवास स्थल मुखबा गांव से गंगोत्री धाम के लिए डोली में रवाना किया गया।

पारंपरिक वाद्य यंत्रों ढोल दमाउ, सेना के बैंड की भक्तिमय धुनों और मां गंगा के जयकारों के बीच स्थानीय ग्रामीणों ने देवी की मूर्ति को बेटी की तरह नम आंखों के साथ गंगोत्री के लिए विदा किया। तीर्थ पुरोहित राजेश सेमवाल ने बताया कि भैरव घाटी स्थित भैरव मंदिर में रात्रि विश्राम करने के बाद बुधवा सुबह डोली गंगोत्री धाम पहुंचेगी। उन्होंने बताया कि पूर्वह्ना साढ़े 10 बजे मंदिर के कपाट खोले जाएंगे, जहां अगले छह माह तक श्रद्धालु देवी गंगा के दर्शन कर सकेंगे।

### वाशिंगटन में भारत और अमेरिका के बीच बैठक

**नई दिल्ली।** वाशिंगटन, डीसी में बैठकों के दौरान, टीम ने टैरिफ और गैर-टैरिफ मामलों को कवर करने वाले व्यापक विषयों पर उपयोगी चर्चा की। भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के उद्देश्य से, भारत के वाणिज्य विभाग और अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय के प्रतिनिधियों ने 23 से 25 अप्रैल के बीच वाशिंगटन में उत्पादक चर्चा की। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के एक बयान में कहा गया है कि दोनों पक्षों ने समझौते के पहले चरण को 2025 की शरद ऋतु तक पूरा करने का लक्ष्य रखा है।

## पहलगाम हमले को लेकर कांग्रेस ने अपने नेताओं की दी नसीहत, बोली- गैर-जिम्मेदाराना बयानबाजी से बचें

**नई दिल्ली।**

पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद देशभर में सियासी और सामाजिक प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। ऐसे संवेदनशील मौके पर कांग्रेस पार्टी ने अपने नेताओं और पदाधिकारियों के लिए सख्त दिशानिर्देश जारी किए हैं। पार्टी की ओर से यह कदम उठाया गया है ताकि किसी भी तरह की गैर-जिम्मेदाराना बयानबाजी से बचा जा सके और एकजुटता के साथ पार्टी की आधिकारिक पोजिशन पेश की जा सके। कांग्रेस महासचिव के.सी. वेणुगोपाल की ओर से इस संबंध में एक सर्कुलर जारी किया गया है। सर्कुलर में साफ तौर पर कहा गया है कि पार्टी की तरफ से बयान देने के लिए केवल अधिकृत व्यक्ति ही आगे आएं और वे भी केवल कांग्रेस कार्यसमिति (उहउ) द्वारा 24 अप्रैल 2025 को पारित प्रस्ताव में दर्ज पार्टी के रुख तक ही सीमित रहें।



## आतंकी हमले का अमरनाथ यात्रा पर कोई असर नहीं, पिछले साल से 20% अधिक पंजीकरण

**जम्मू।**

अमरनाथ यात्रा के लिए 16 दिनों में करीब 3.50 लाख श्रद्धालुओं ने अग्रिम पंजीकरण कराया है। पहलगाम आतंकी हमले से देशभर के पर्यटकों में बेशक थोड़ा डर जरूर है, लेकिन शिवभक्तों की आस्था में कोई खास फर्क नहीं पड़ा है। अमरनाथ यात्रा के लिए 16 दिनों में करीब 3.50 लाख श्रद्धालुओं ने अग्रिम पंजीकरण कराया है। रोजाना पारंपरिक बालटाल और पहलगाम रूट के लिए आठ से नौ हजार श्रद्धालु पंजीकरण करा रहे हैं। इस बार भी यात्री पहलगाम रूट को प्राथमिकता दे रहे हैं। पिछले साल की तुलना में अब तक औसतन 20% अधिक पंजीकरण हुआ है।

यात्रा से जुड़े एक अधिकारी ने बताया कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद अग्रिम यात्री पंजीकरण पर खास असर नहीं दिखा है। पहलगाम रूट के लिए पंजीकरण लगभग पैक चल रहा है। वर्ष 2024 की तुलना में इस बार अमरनाथ यात्रा 16 दिन कम है। इस बार 38 दिन की यात्रा तीन जुलाई से शुरू हो रही है। देशभर की निर्धारित बैंक शाखाओं के अलावा ऑनलाइन मोड में अग्रिम यात्री पंजीकरण प्रक्रिया जारी है। यात्रा के दौरान दोनों रूटों से दैनिक आधार पर 10-10 हजार श्रद्धालुओं को पवित्र गुफा के लिए भेजा जाता है, जिसमें रोजाना करीब एक हजार यात्रियों का ऑनस्पॉट पंजीकरण किया जाता है। इसमें अधिकांश यात्री बालटाल रूट को प्राथमिकता देते हैं।



## संपादक की कलम से

# यह सवालों का समय नहीं


ललित शर्मा
संपादक

स सबसे महत्वपूर्ण और प्रथम राष्ट्र है। प्रधानमंत्री, नेता प्रतिपक्ष, सांसद, राजनीतिक दल और देश के औसत नागरिक उसके हिस्से हैं। राष्ट्र का अस्तित्व है, तो सभी का अस्तित्व है। पहलगाम नरसंहार हमारे भारत की आत्मा, अस्तित्व और संप्रभुता पर हमला था। उसे तनिक भी भुलाया नहीं जा सकता। भारत को हिंदू और मुसलमान में विभाजित कर आघात नहीं किया जा सकता। हम ऐसा आघात बर्दाश्त नहीं करेंगे, क्योंकि राष्ट्र के सवाल पर सभी समुदाय एकजुट हैं। नरसंहार के बाद सर्वदलीय बैठक बुलाई गई थी। उसमें सवाल जरूर उठे होंगे, लिहाजा मोदी सरकार ने खुफिया-सुरक्षा चूक को भी स्वीकार किया। जो नेता कट्टरपंथी किस्म के दिखाई देते हैं, आज वे भी सरकार के साथ हैं और प्रधानमंत्री मोदी के किसी भी फैसले का समर्थन कर रहे हैं। वक्फ जैसा संवेदनशील मुद्दा नेपथ्य में डाल दिया गया है। फिलहाल आतंकवाद पर आंख गड़ी है और उसे सबक सिखाना है। प्रधानमंत्री ने मन की बात के जरिए नरसंहार के पीड़ित परिवारों के साथ अपनी व्यथा और अपना गुस्सा साझा किए हैं। एक बार फिर उन परिवारों को आश्वस्त किया गया है कि न्याय जरूर मिलेगा। हमले के दोषियों और साजिश रचने वालों को कठोरतम जवाब जरूर दिया जाएगा। प्रधानमंत्री को एहसास है कि हर भारतीय का खून, आतंकी हमले की तस्वीरों को देखकर, खौल रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के इस आश्वासन पर भरोसा करना चाहिए। हमले के तुरंत बाद आतंकियों और उनके आकाओं पर पलटवार के तौर पर हमला नहीं किया जा सकता। यह भी कूटनीतिक और सामरिक रणनीति का हिस्सा है। दिल्ली से कश्मीर तक बैठकों और गहन जांच के दौर जारी हैं। जांच में इसरो को भी शामिल किया गया है। 10 आतंकियों के घर जमींदोज कर दिए गए हैं। कुछ घरों में विस्फोटक भी दिखे हैं। करीब 2000 संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ जारी है। तीनों सेनाओं के प्रमुख और चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात कर चुके हैं। प्रधानमंत्री मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के बीच 40 मिनट की मुलाकात हुई। जाहिर है कि पाकिस्तान पर हमले के प्रारूपों पर विमर्श हुआ होगा! दुनिया के 40-45 देशों के राष्ट्राध्यक्षों, राष्ट्रपतियों, प्रधानमंत्रियों आदि ने प्रधानमंत्री मोदी से फोन पर बातचीत की है और आतंकवाद के खिलाफ भारत को भरपूर समर्थन दिया है। प्रमुख मुस्लिम देश भी भारत के साथ खड़े हैं। चीन, तुर्किये सरीखे देशों ने भी पाकिस्तान को सार्वजनिक समर्थन नहीं दिया है। वे पाकिस्तान की फितरत और हकीकत जानते हैं। क्या कुछ विपक्षी दलों को ये गतिविधियां दिखाई नहीं देती हैं? यह सवालों का नहीं, राष्ट्र के तौर पर एकजुट दिखने का समय है। प्रधानमंत्री का सर्वदलीय बैठक में न आ पाना कोई बुनियादी सवाल नहीं है। बैठक में रक्षा मंत्री और गृह मंत्री थे, जो सुरक्षा और खुफिया संबंधी सवालों के प्रति पूरी तरह जवाबदेह होते हैं। क्या उनकी मौजूदगी महत्वपूर्ण नहीं थी? यह फरवरी, 2019 के पुलवामा आतंकी हमले में इस्तेमाल किए गए कथित 300 किग्रा आरडीएक्स विस्फोटक पर बार-बार सवाल करने का समय नहीं है। यह किसी कथित आतंकी को भाजपा का टिकट देने पर सवाल करने का भी समय नहीं है। यह आतंकी हमले गिनवाने का भी समय नहीं है।

## उदय किशोर साह



### ललकार

कविता

दुश्मन हमें आज ललकारा है
जन्मभूमि जान से हमें प्यारा है
हर घर से निकलो ओ कर्णधार
दुश्मन पर करो अस्त्र शस्त्र प्रहार

आंतकवाद का खौफ दिखलाया
हिन्द के सपूत पे गोली है चलाया
आँख दिखाया है नीच वो। गवार
दुश्मन पर करो अस्त्र शस्त्र। प्रहार

माँ भारती के हम हैं सच्चे संतान
संप्रभुता हेतु हम दे देगें जान
किस बात का है रे तुम्हें गुमान
सबक सिखायेगा अब हिन्दुस्तान

दाना पानी को तुम पल पल तरसेगा
पानी के बगैर भूखा तूँ तड़पेगा
तेरे घर आँगन में बम बारूद बरसेगा
नक्से से तुम अब मिटता दिखेगा

अपने आप को हिटलर मत समझो
हिन्द की ताकत को कम नहीं आँकों
हिन्द लगायेगी तुम पर अब लगाम
मौत नायेगी हर घर में सुबह शाम

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# अक्षय तृतीया का त्योहार महत्वपूर्ण : डॉ सोनिका जैन


डॉ सोनिका जैन

*मोदीनगर। ज्योतिष ज्ञानपीठ की चेयरपर्सन डॉ सोनिका जैन ने कहा कि अक्षय तृतीया एक प्रमुख हिंदू त्योहार है, जो वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाया जाता है। इस दिन को स्वयंसिद्ध मुहूर्त माना जाता है, जिसका अर्थ है कि इस दिन कोई भी शुभ कार्य बिना किसी पंचांग या मुहूर्त की चिंता के किया जा सकता है।*

## पौराणिक कथाएं

1. भगवान परशुराम का जन्म : अक्षय तृतीया के दिन भगवान परशुराम का जन्म हुआ था, जो भगवान विष्णु के अवतार हैं।
2. गंगा नदी का अवतरण : इस दिन गंगा नदी पृथ्वी पर अवतरित हुई थी, जो भगवान शिव की जटाओं से होकर आई थी।
3. वेदव्यास और गणेश जी : अक्षय तृतीया के दिन महाभारत की रचना शुरू हुई थी, जिसे वेदव्यास ने लिखा था और गणेश जी ने लिखा था।

## धार्मिक कारण

1. लक्ष्मी–नारायण पूजा : अक्षय तृतीया पर भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की पूजा करने से सुख–समृद्धि और धन–धान्य में वृद्धि होती है।
2. दान और पुण्य : इस दिन किए गए दान और पुण्य का फल अक्षय होता है, यानी कभी समाप्त नहीं होता।
3. शुभ कार्य : अक्षय तृतीया पर नए कार्य शुरू करने, वस्त्र और आभूषण खरीदने, और घर या वाहन खरीदने के लिए शुभ माना जाता है।

## अक्षय तृतीया पर खरीदारी

अक्षय तृतीया पर निम्नलिखित वस्तुओं की खरीदारी करना शुभ माना जाता है

■ मिट्टी का घड़ा : मिट्टी का घड़ा खरीदने से घर में पैसों की कमी नहीं होती और समृद्धि का वास होता है।

■ पीतल या तांबे के बर्तन : पीतल या तांबे के बर्तन खरीदने से घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और माता लक्ष्मी की कृपा प्राप्त होती है।

■ कौड़ी : कौड़ी को माता लक्ष्मी की प्रिय वस्तु माना जाता है। अक्षय तृतीया के दिन 11 कौड़ी खरीदकर उन्हें लाल कपड़े में बांधकर पूजा स्थल पर रखने से घर में धन और समृद्धि का वास होता है।

इस वर्ष अक्षय तृतीया 30 अप्रैल को है, और इस दिन सर्वार्थ सिद्धि योग, शोभन योग और रवि योग जैसे शुभ योग बन रहे हैं। इस दिन का लाभ उठाने के लिए आप उपरोक्त काम कर सकते हैं और सुख–समृद्धि की प्राप्ति कर सकते हैं।

अक्षय तृतीया के बारे में जानकारी अक्षय तृतीया और परशुराम जयंती से जुड़ी हुई है, जो वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाई जाती है। इस वर्ष, अक्षय तृतीया और परशुराम जयंती की तिथि को लेकर कुछ भ्रम है, लेकिन ज्योतिषाचार्य के अनुसार, अक्षय तृतीया 30 अप्रैल को मनाई जाएगी।

## अक्षय तृतीया तिथि और मुहूर्त

अक्षय तृतीया तिथि 29 अप्रैल को शाम 5 :31 बजे से शुरू होकर 30 अप्रैल को दोपहर 2 :12 बजे तक रहेगी।

## अक्षय तृतीया का ज्योतिषीय महत्व

1. स्वयंसिद्ध मुहूर्त : अक्षय तृतीया को स्वयंसिद्ध मुहूर्त माना जाता है, जिसका अर्थ है कि इस दिन कोई भी शुभ कार्य बिना किसी पंचांग या मुहूर्त की चिंता के किया जा सकता है।
2. नए कार्य शुरू करने के लिए शुभ : अक्षय तृतीया पर नए कार्य शुरू करने के लिए शुभ माना जाता है, जैसे कि व्यवसाय शुरू करना, घर खरीदना, या नए वाहन खरीदना।
3. धन और समृद्धि की प्राप्ति : अक्षय तृतीया पर भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की पूजा करने से धन और समृद्धि की प्राप्ति होती है।
4. पुण्य और दान : अक्षय तृतीया पर किए गए दान और पुण्य का फल अक्षय होता है, यानी कभी समाप्त नहीं होता।

अक्षय तृतीया एक महत्वपूर्ण त्योहार है जो ज्योतिष के अनुसार बहुत महत्व रखता है। इस दिन का लाभ उठाने के लिए आप उपरोक्त काम कर सकते हैं और सुख–समृद्धि की प्राप्ति कर सकते हैं।

# बाहरी स्वच्छता से पहले आंतरिक शुद्धता जरूरी !


सुशील कुमार 'नवीन'

पहलगाम में आतंकियों द्वारा 26 पर्यटकों की हत्या की घटना इन दिनों अन्तर्राष्ट्रीय स्तर तक चर्चा में है। इस घटना के परिणाम भविष्य में क्या रहेंगे। इस बारे में अभी कुछ कहा नहीं जा सकता। इस मामले में भारत सरकार का क्या रुख रहेगा? अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत को इस बारे में किस प्रकार का समर्थन मिलेगा। यह सब वक्त और हालात पर निर्भर रहेगा। हम सब को भी इस बात का पूर्ण भान है कि कई बार दोस्ती और समर्थन का दंभ भरने वाले मौके पर दूसरे पाले में खड़े मिलते है। दो लोगों की लड़ाई में निपटान करने वालों से लड़ाई का रसास्वादन करने वालों की संख्या कई गुणा होती है। ऐसे में कोई भी कदम उठाने से पहले पॉजीटिव और निगेटिव का गहराई तक आंकलन जरूरी है। पर्यटक, वो भी हिन्दू पर्यटकों की हत्या करना एक घटना नहीं सुनियोजित साजिश है। इस साजिश की तह तक जाना बहुत जरूरी है। स्वाभाविक है जांच सिरे तक पहुंची तो हत्याकांड के तार दूर-दूर तक मिलेंगे।

पहलगाम में जो हुआ वो किसी भी रूप में सही नहीं है। देश हमारा है, राज्य हमारा है। यही हम सुरक्षित नहीं। तो ये हमारे लिए किसी शर्मनाक स्थिति से कम नहीं। ये स्थिति बन क्यों रही है? इस पर भी विचार जरूरी है। परिंदा हो चाहे इंसान। उसे अपने घर अपने क्षेत्र, अपने राष्ट्र से सुरक्षित कोई जगह नहीं लगती है। यही सुरक्षा की भावना उसे पर्यटन के लिए भी आकर्षित करती है। भागदौड़ की आज की जिंदगी में फुर्सत के लम्हों को ऐसी जगह गुजारने का मन होता है जो उसे मानसिक स्फूर्ति और ताजगी से पूर्ण कर दें। गर्मी की शुरूआत हुई है। ऐसे में इन दिनों पर्वतीय क्षेत्र पहली पसंद है।

जम्मू और कश्मीर को 'धरती का स्वर्ग ऐसे ही नहीं कहा जाता है। बर्फ से ढके पहाड़, प्राकृतिक वनस्पतियों की भरमार, देखने योग्य मिनी स्विट्जरलैंड जैसे अनेकों स्थान, खान पान स्थानीय शिल्पकला के क्या कहने। ऐसे में पर्यटन के लिए ये राज्य सबको अपनी ओर अनायास आकर्षित करता है। यही आकर्षण 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकियों का शिकार बने नौसेना लेफ्टिनेंट विनय नरवाल जैसे अनेकों को वहां खींचकर ले गया था। उन्हें इस बात का अंदाजा थोड़े ही था कि जिस आनंद की अनुभूति करने के लिए परिवार समेत वो वहां आएं हैं वो न केवल उनकी जान लेगा वहीं परिवार को कभी न भूले जाने वाला दर्द भी दे देगा। घटना कितनी भयावह है, इस बात से हर कोई परिचित है। अपनों के खोने को गम अपनों को ज्यादा होता है। शेष के लिए तो कुछ समय ही याद रहने वाली एक घटना ही रहती है। फिलहाल इस घटना से हर भारतीय को दुख है।



**हिन्दू होकर हम हिंदू नहीं, फिर वो हमें हिंदू क्यों मानें !**

ऐसा नहीं है कि इस तरह की घटना पहली बार हुई हो। आतंकियों को जब भी मौका मिला है निदोर्षों को निशाना बनाया गया है। इस बार भी ऐसा ही हुआ, फर्क बस इतना कि आतंकियों का निशाना सिर्फ हिंदू रहे। पर्यटकों में से सिर्फ हिंदू छांटना, उनसे कलमा पढ़ने की कहना और जो न पढ़ पाए उसे उसी समय उसके परिवार के सामने निर्दयीयता पूर्वक गोली से उड़ा देना। यह बहुत बड़ा विषय है। आखिर हिन्दू ही निशाने पर क्यों? घटना के बाद बहुत सी जगह पढ़ने और सुनने को मिला कि कलमा पढ़ लेते तो जान बच जाती। अब बात ये भी है कि हर किसी को कलमा याद थोड़े ही होगा। फिर हिन्दू कलमा पढ़े भी क्यों? जिसे कलमा याद नहीं वो काफिर हो गया।

क्या इसलिए उसे मार देना उचित है। वैसे देखा जाए तो अपने धर्म के प्रति हम भी कौनसे ईमानदार है। दूसरों को तो कुछ कहने का मौका हम देते ही नहीं। हम ही उसकी कमियां आलोचना करने में काफी है। जब हिन्दू होकर हम स्वयं को हिंदू नहीं मानते तो दूसरे क्यों इसकी महत्ता स्वीकारेंगे। हमारी इसी बात का फायदा दूसरे उठाते हैं। खैर जो हुआ उसे वापिस तो नहीं किया जा सकता। पर ये घटना केवल एक घटना नहीं है। इस पर चिंतन भी किया जाना जरूरी है। इतिहास गवाह है कि अपनों की दगाबाजी के बिना दूसरों की इतनी हिम्मत नहीं की कोई आपके घर में घुसकर आपको मार दे। अपनों की शह तो इसमें जरूर मिलेगी। जरूरी नहीं ये अपने वहीं के हो। वे तो दूर बैठे भी हो सकते हैं। ऐसे में किसी भी बड़े कदम को उठाए जाने से पहले अपनी आंतरिक स्थिति का आंकलन और शुद्धता बहुत जरूरी है। जड़ मजबूत होगी तो मजबूती शिखर तक रहेगी।
आचार्य

# शिक्षा एवं वैचारिक शक्ति राष्ट्र की ताकत


संजीव ठाकुर

हर देश में राष्ट्र के प्रति और राष्ट्रहित के प्रति चिंतन करने वालों का समूह होना चाहिए, जो प्रजातांत्रिक लोकतांत्रिक तथा राष्ट्रहित के विचारों और विकास के मूल मंत्र को नई ऊर्जा ताजा हवा और आगे बढ़ने की सच्चाई को इंगित कर सकें बिना संस्कृति, संस्कार और वैचारिक क्षमता के कोई भी राष्ट्र वैश्विक स्तर पर अंतरराष्ट्रीय प्रगति करने की सोच भी नहीं सकता वैचारिक और सैद्धांतिक अंतरधारा, सिद्धांतों को कुचला या नष्ट नहीं किया जा सकता। व्यक्तिगत वैचारिक अभिव्यक्ति भारत के संदर्भ में गणतंत्र की मूल आत्मा है। विचार और सिद्धांत व्यक्ति की अंतःप्रज्ञा होती है। यह सिद्धांत तथा अंतः विचारधारा जनमानस तक पहुंचने से बाधित किया जाए तो अंतरात्मा को प्रभावित करती है। इसके गहरे प्रभाव से व्यक्ति वह सब कर सकता है, जो बिना मार्गदर्शन के व्यक्ति नहीं कर सकता। प्राचीन काल से अब तक मनीषियों के वैचारिक सिद्धांत और विचारधारा सदैव समाज के दिग्दर्शक मार्गदर्शक रहे हैं। इनकी भूमिका सदैव महत्वपूर्ण रही है। यदि यही सिद्धांत और अंतः प्रज्ञा जनमानस आत्मसात कर लेता है, तो इसका प्रभाव एक जन आंदोलन का रूप ले लेता है और यहीं से युग परिवर्तन की लहर उत्पादित होती है। प्राचीन यूनान में एक बहुत ही कुरूप किंतु विद्वान व्यक्ति रहते थे, उनके विचारों में मौलिकता, नयापन जनजागृति की अद्भुत क्षमता थी। उनकी विद्वता के कारण आम जनमानस होने राजा से ज्यादा महत्व और बुद्धिमान मानते थे। राजकीय तानाशाही के चलते उनके विचारों के कारण उनको मृत्युदंड दे दिया गया। जहर का प्याला पीने के बाद भी विद्वान, चिंतक, सुकरात अमर हो गए, उनकी विचारधारा आज भी जीवित है, एवं लोग उसे अपनाकर अपना जीवन सुधारने में इसका उपयोग करते हैं। अब्राहम लिंकन ने अमेरिकी स्वतंत्रता के बाद दास प्रथा के बारे में कहा था कि दास भी मनुष्य हैं, उन्हें भी उतना ही जीने का अधिकार है जितना स्वामी को है। अब्राहम लिंकन के आंदोलनकारी विचार से तत्कालीन समय में अमेरिका के लोग घबरा गए थे, और उनकी हत्या कर दी गई थी। पर अब्राहम लिंकन के विचारों ने दास प्रथा के उन्मूलन की अंतर आत्मा को जागृत कर दिया था, और जनमानस ने अपने अधिकारों के लिए लड़ते हुए दास प्रथा से मुक्ति पाई थी।

स्वामी विवेकानंद जी ने कहा था कि हम जो सोचते हैं वही बन जाते हैं। विचार एवं सिद्धांत ही व्यक्ति का निर्माण करता है। वही दुष्ट होने या महान होने का निर्णायक है। और बिना विचारों सिद्धांतों के व्यक्त व्यक्ति का अस्तित्व ही नहीं। विवेकानंद जी के विचार सर्व कालीन प्रासंगिक है। उनके विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने उनके जीवित रहते हुए थे। आज हमारे बीच विवेकानंद जी स शरीर मौजूद नहीं है, पर उनके विचारों की महत्ता कायम है। भौतिक शरीर के नष्ट हो जाने से और भौतिक विचार तथा सिद्धांत उतनी ही तीव्रता रखते हैं, वेग रखते हैं, जो एक समाज में परिवर्तन ला सकती है। विचारों की यह अमरता तथा तीव्रता किसी भी तानाशाह के लिए इतनी खतरनाक है, जितनी की सुप्त शेर की गुफा में रहना। जनता के मध्य शुद्ध विचारधारा के जागृत होने पर क्रांति लाई जा सकती है। फिर चाहे वह फ्रांस के वर्साय के महल का विध्वंस हो अथवा भारत की स्वतंत्रता हेतु वृहद आंदोलन हो। व्यक्ति या व्यक्तियों के दबाव को दबाने के बाद विचारों की पीड़िता ने जनसामान्य को एक गरजते हुए सिंह में तब्दील कर दिया था। यह शाश्वत सत्य है कि व्यक्ति को जरूर आप दबा सकते हैं, पर विचारधारा सिद्धांत अजर अमर होते हैं, और वही युग निर्माण में अपनी महती भूमिका निभाते हैं।

# एनयूजे प्रयागराज ने कैंडल मार्च निकाल कर दी पहलगाम मृतकों को दी गई श्रद्धांजलि

**वेलकम इंडिया**




नेशनल यूनियन आँफ जर्नलिस्ट प्रयागराज नेतृत्व संगठन के पदाधिकारीयो सदस्यो तथा शहर के पत्रकारो समाजसेवी ने कशमीर पहलगाम मे आतंकवादी घटना मे मारे गए मृतकों को कैंडल मार्च निकालकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई । यह कैंडल मार्च शाम सात बजे पत्थर गिरजाघर से शुरू होकर सुभाष चौराहा पहुच कर नेता जी सुभाष चद्रं बोस के प्रतिमा पर सभा कर मृतकों को श्रद्धांजलि दी गया तथा भारत सरकार से आतंकवाद के विरुद्ध निर्णायक अभियान चला कर देश से आतंकवाद नामक नासूर को जड समाप्त करने की मांग देश सरकार के आतंकवाद विरोधी अभियान के साथ खडा है । श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष कुन्दन श्रीवास्तव ने की संचालन संगठन मंत्री अखिलेश शुक्ला ने की । श्रद्धांजलि सभा को प्रमुख रूप से सम्बोधित संरक्षक पवन दिवेदी संरक्षक परवेज आलम वरिष्ठ उपाध्यक्ष उमेश श्रीवास्तव प्रवक्ता मनीष द्विवेदी। संरक्षक पवन द्विवेदी ने श्रद्धांजलि सभा को सम्बोधित करते हुए कहाँ कि आखिर कब तक अपनो की लाशे देखते रहेंगे तथा कब तक श्रद्धांजलि देते रहेगे अब आतंकवाद पर निर्णायक कार्यवाही होनी चाहिए। संरक्षक परवेज आलम ने कहाँ कि निर्दोष पर्यटकों की हत्या का जबाब जरूरी है आतंकवाद के कमर तोड़ने मे सरकार जो भी निर्णय लेगी और जो भी आतंकवादियो के खिलाफ जो भी कठोर से कठोर कार्यवाही करे पूरा देश का समर्थन सरकार के साथ है । वरिष्ठ उपाध्यक्ष उमेश श्रीवास्तव ने कहाँ अब आतंकियो दूारा एक भी भारतीय की हत्या बर्दाश्त नही सरकार हर स्तर पर इनसे सख्ती से निबटे देश सरकार के साथ है । प्रवक्ता मनीष दिवेदी ने कहाँ पहलगाम मे पर्यटकों के हत्या के बाद से पूरा देश सड़क पर है देश भर से एक ही आवाज उठ रही है सरकार आतंकियो को सबक सिखाए देश सरकार के साथ खडा है । कोषाध्यक्ष असद कुरैशी ने कहाँ आतंकवादी ने पर्यटकों की हत्या कर देश की सीना छलनी की जो कदापि बर्दाश्त नही किया जाएगा सरकार इनको सबक सिखाए पूरा देश सरकार के आतंकवाद के विरुद्ध कार्यवाही मे साथ है श्रदाजँली सभा मे अध्यक्षीय सम्बोधन मे जिला अध्यक्ष कुन्दन श्रीवास्तव ने कहाँ पहलगाम मे निर्दोष पर्यटकों के हत्या के बाद से आतंवाद तथा आतंकवादियो प्रति गहरा आक्रोश है ।

# 2021 से 2024 के डिप्लोमाधारियों को रोजगार देने मेरठ पहुंची ग्लोबल ऑटोटेक लिमिटेड

**उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार**



मेरठ दिल्ली रोड स्थित संस्था डी एन पॉलिटेक्निक में अध्ययनरत अन्तिम वर्ष एवं 2021 से 2024 के मध्य पास आउट हुए मैकेनिकल, इलैक्ट्रीकल, आटोमोबाइल, प्रोडक्शन एवं इलैक्ट्रानिक्स के छात्र-छात्राओं को रोजगार देने हेतु आटोमोबाइल के क्षेत्र में देश की प्रतिष्ठित कम्पनी मै० ग्लोबल आटोटेक लिमिटेड ग्रेटर नोएडा (उ०प्र०) की तरफ से नीतू श्रीवास्तव (मैनेजर-एच०आर०), कुलदीप (सीनियर मैनेजर प्रोडक्शन), आदित्य (मैनेजर क्वालिटी), संस्था में साक्षात्कार हेतु उपस्थित हुये। संस्था प्रधानाचार्य विरेन्द्र आर्य द्वारा कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों को बुके देकर किया गया। इस अवसर पर बी०पी० सिंह (विभागाध्यक्ष यांत्रिकी), मनोज कुमार वार्ष्णेय (विभागाध्यक्ष सिविल), नरेन्द्र कुमार (विभागाध्यक्ष विधुत), विजेश कुमार कर्णवाल, शिवकुमार, रमाकान्त, आशिष, बिपीन, अनिल कुमार शर्मा एवं अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। साक्षात्कार हेतु कुल 50 छात्र-छात्रायें उपस्थित हुये। उपरोक्त कार्यक्रम को सफल बनाने में सुखदेव शर्मा (नोडल अधि०टी०पी०ओ०) कुलदीप कौशिक, विशाल जैन, ममता रानी, रामदास, सन्दीप कुमार, सत्यवीर सिंह, रमाशंकर आदि का विशेष योगदान रहा। रोजगार के इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में संयुक्त निदेशक मोहम्मद साबिर भी उपस्थित रहे और उन्होंने छात्र-छात्राओं को सफलता का गुरु मंत्र देते हुए उत्साहवर्धन किया।

# बीएसए ऑफिस में तैनात रिश्वतखोर बाबू को 70000 रुपए की रिश्वत लेते एंटी करप्शन टीम ने रंगे हाथों किया गिरफ्तार



**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ पत्रकार**

हापुड़ बीएसए ऑफिस में तैनात रिश्वतखोर बाबू और संविदा कर्मी को स्कूल की मान्यता रिनुअल कराने के मामले मे एंटी करप्शन टीम ने छापामार कार्रवाई करते हुए ?70000 की रिश्वत लेते हुए बीएसए ऑफिस में तैनात बाबू दीपेंद्र और संविदा कर्मी निखिल शर्मा को गिरफ्तार करने पर मचा हड़कंप।आपको बता दें कि मेरठ की एंटी करप्शन ने चितौली रोड स्थित बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय से एक बाबू और एक संविदा कर्मी को 70 हजार रुपए की रिश्वत मांगने के मामले मे पीड़ित शिवकुमार की सूचना पर एंटी करप्शन टीम ने कार्रवाई करते हुए एक बाबू दीपेंद्र और संविदा कर्मी निखिल शर्मा को रंगे हाथो गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों को देहात थाने लाया गया है।

# क्रिकेट टूनार्मेंट का सफल आयोजन किया

**वेलकम इंडिया**



मेरठ इस टूनार्मेंट का उद्देश्य बच्चों को खेलों के प्रति प्रेरित करना, उनमें खेल भावना का विकास करना तथा भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करना था। कार्यक्रम में बच्चों ने पूरे जोश और उमंग के साथ हिस्सा लिया। 20-20 ओवरों के इस रोमांचक मुकाबले में सुबह 7 बजे से ही दोनों टीमों ने बिना थके शानदार ऊर्जा और खेल भावना के साथ अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रशांत वर्मा, प्रोपराइटर पी एस डेकोरेटर्स, बागपत रोड, मेरठ रहे, जिन्होंने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया।

इस अवसर पर सुनीता सिंघानिया, अंकित शर्मा, यूनिट डायरेक्टर अनीता प्रधान, ऋतु गोयल सहित कई गणमान्य अतिथि भी उपस्थित रहे।शिवि बंसल का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। प्रतियोगिता में विजेता टीम समर चैलेंजर्सह्व को ?3100 नकद पुरस्कार, ट्रॉफी एवं मेडल प्रदान किए गए। श्मैन ऑफ द मैचश् को ?1100 नकद पुरस्कार, ट्रॉफी और मेडल से सम्मानित किया गया। उपविजेता टीम ह्व देव टाइगर्सह्व को ट्रॉफी एवं मेडल प्रदान किए गए।

कार्यक्रम का संचालन जायंट्स ग्रुप ऑफ नोबल हाट्र्स की अध्यक्ष सीए निहारिका गोयल के नेतृत्व में किया गया। उन्होंने सभी उपस्थित अतिथियों, प्रतिभागियों और आयोजन टीम का आभार व्यक्त किया तथा बच्चों को भविष्य में भी इसी तरह से उत्कृष्ट प्रदर्शन करते रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का आयोजन सुबह 7 बजे से 11 बजे तक युवा क्रिकेट अकादमी, राजश्री फार्महाउस के निकट, परतापुर, मेरठ में संपन्न हुआ।

# हापुड़ को विकास के पंख लगाने को लिए वरिष्ठ भाजपा नेता प्रमोद नागर ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात



**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ पत्रकार**

हापुड़/जिला पंचायत अध्यक्ष पति वरिष्ठ भाजपा नेता प्रमोद नागर ने हापुड़ के चहु मुखी विकास को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर जिले में विकास कार्यों के लिए विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की उन्होंने जनपद के विस्तार हेतु मुख्यमंत्री से कहा कि उत्तर प्रदेश में सबसे छोटा जिला होने के कारण हापुड़ का विकास कम हो रहा है। साथ ही उन्होंने भूमाफिया पर नकेल कसने के लिए भी मुख्यमंत्री से अनुरोध करते हुए बताया कि भूमाफियाओ कि वजह से राजस्व का नुकसान हो रहा है। साथ ही गाजियाबाद से गढ़मुक्तेश्वर तक मैट्रो सेवा शुरू करने एवं गंगा एक्सप्रेस-वे पर हिम्मतपुर गांव में सर्विस रोड की मांग की मांग करने के साथ गढ़मुक्तेश्वर में बने गंगा पुल का नाम 1857 अमर क्रांतिकारी राव कदम सिंह सेतु करने की भी मांग की है। जिसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनकी मांगों के लिए उन्हें हर संभव पूर्ण करने के लिए आश्वस्त किया है।

# बिजली मिस्त्री की हत्या के बाद शव कुएं में फेंका

**वेलकम इंडिया**

**मिजार्मुराद।** थाना क्षेत्र के बेनीपुर गांव निवासी फया राजभर (50) की हत्या कर शव को गांव के बाहर स्थित एक पुराने कुएं में फेंक दिया गया। मृतक 25 अप्रैल को अपने मुस्लिम मित्र रहीस पठान के साथ यह कहकर निकला था, कि शिव मंदिर पर आयोजित भंडारे में प्रसाद लेने जा रहा है। परंतु वह भंडारे में नहीं पहुंचा और देर रात तक घर भी वापस नहीं आया। दो दिन तक कोई सूचना न मिलने पर मृतक की बेटी सुलेखा ने मिजार्मुराद थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई।मंगलवार सुबह कुंडरिया गांव के सिवान में स्थित एक पुराने कुएं से दुर्गंध आने पर ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी।मौके पर पहुंची पुलिस,फोरेसिक टीम और एनडीआरएफ की मदद से शव को कुएं से बाहर निकाला गया।शव पर गंभीर चोटों के निशान थे और पास से खून सनी लाठी बरामद की गई।मृतक फया राजभर इलेक्ट्रीशियन का कार्य करता था और उसके दो बेटे व दो बेटियां हैं।घटनास्थल पर राजातालाब अजय श्रीवास्तव,जंसा,कपसेठी,मिजामुर्राद,बड़ागांव,लोहता थानों की फोर्स तथा डॉग स्क्वायड व फोरेसिक टीम मौजूद रही।आरोपी रहीस पठान का मोबाइल फोन बंद है और पुलिस उसकी तलाश में जुटी है।

# 32 वाहनों की नीलामी से प्राप्त हुई 9.72 लाख रूपए की धनराशि

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ पत्रकार**




हापुड़ अपर परिवहन आयुक्त (राजस्व) उ०प्र० लखनऊ के आदेश पर जनपद में उ०प्र० मोटर कराधान अधिनियम 1997 की धारा-22 के उल्लघंन में 45 दिनों से अधिक अवधि से जनपद के विभिन्न थानों में निरूद्ध वाहनों की नीलामी की कार्यवाही हरिशंकर सिंह, उप परिवहन आयुक्त, मेरठ परिक्षेत्र मेरठ की अध्यक्षता में उप सम्भागीय परिवहन कार्यालय हापुड़ परिसर में गठित समिति के समक्ष की गयी। नीलामी की कार्यवाही में के०डी० सिंह गौर, सम्भागीय परिवहन अधिकारी, (प्रवर्तन) गाजियाबाद, रमेश कुमार चौबे, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी, (प्रवर्तन) हापुड़, छवि सिंह चौहान, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी, (प्रशासन) हापुड़ व आशुतोष कुमार उपाध्याय, माल व यात्रीकर अधिकारी हापुड़ रामआसरे तिवारी, प्रधान सहायक,उदय प्रताप सिंह, वरिष्ठ सहायक उपस्थित रहे। नीलामी हेतु अनुमति प्राप्त कुल 36 वाहनों की नीलामी में कुल 66 बोलीदाताओं ने भाग लिया, जिनकी प्रतिभूति राशि जमा करायी गयी। सभी वाहनों की नीलामी न्यूनतम राशि से अधिक पर विशेष प्रयास कर करायी गयी। इन 36 वाहनों में से 2 वाहन पूर्व में ही जुमार्ना जमा कर अवमुक्त हो गये, 2 अन्य वाहनों पर न्यूनतम मूल्य से कम बोली बोले जाने के कारण नीलामी नहीं की जा सकी। शेष 32 वाहनों की नीलामी की गयी, जिनसे 9.72 लाख रू० की धनराशि प्राप्त हुई है।

# जेएमएसआईटी गाजियाबाद में सफल प्लेसमेंट ड्राइवः आउटराइट सिस्टम्स प्रा. लि. ने छात्रों को दिए सुनहरे करियर अवसर

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ पत्रकार**




हापुड़ मसूरी जेएमएस इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (जेएमएसआईटी), गाजियाबाद में आउटराइट सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से एक पूल कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। इस पहल के माध्यम से संस्थान ने अपने उस प्रमुख लक्ष्य की दिशा में एक और सार्थक कदम बढ़ाया, जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों को शत-प्रतिशत प्लेसमेंट प्रदान करने की प्रतिबद्धता है। इस प्लेसमेंट ड्राइव में बी.टेक (कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग), बीसीए तथा एमसीए पाठ्यक्रमों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।प्लेसमेंट प्रक्रिया आउटराइट सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड के नोएडा स्थित कार्यालय हेतु विभिन्न पदों—जैसे वर्डप्रेस डेवलपर, पीएचपी डेवलपर, ग्राफिक डिजाइनर, एसईओ फ्रेशर (डेटाबेस टेस्टिंग एवं मैन्युअल टेस्टिंग), कंटेंट राइटर और डेटाबेस टेस्ट इंजीनियर—के लिए आयोजित की गई। कुल 75 छात्रों ने चयन प्रक्रिया में प्रतिभाग किया, जो दो चरणों में आयोजित हुईः पहला चरण समूह चर्चा (ग्रुप डिस्कशन) और दूसरा चरण व्यक्तिगत साक्षात्कार (पर्सनल इंटरव्यू) का था।उक्त चयन प्रक्रिया के उपरांत हिमांशी (बीसीए, जेएमएस हापुड़), अंशुल कुमार (बीसीए, जेएमएसआईटी गाजियाबाद) एवं जतिन सोनी (बी.टेक सीएसई, जेएमएसआईटी गाजियाबाद) का सफलतापूर्वक चयन किया गया। कंपनी की ओर से चयनित छात्रों को औपचारिक रूप से ऑफर लेटर प्रदान किए गए, जो उनके उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

# भगवान परशुराम थे महान तपस्वी, वेदों के ज्ञाता और महान योद्धाः सुभाष सुधा

**वेलकम इंडिया**



**हरियाणा/हिसार (राजेश सलूजा)** : हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि भगवान परशुराम जी महान तपस्वी, वेदों के ज्ञाता और महान योद्धा थे। भगवान परशुराम जी, भगवान विष्णु जी के छठे अवतार माने जाते हैं। इस धरा पर उनका अवतरण न्याय की स्थापना के लिए हुआ था। वे एक ऐसे अवतार हैं, जो चिरंजीवी माने जाते हैं, यानी वे आज भी जीवित हैं। यह बात केवल आस्था की नहीं है। यह विश्वास का वह स्तंभ है, जिस पर भारतीय संस्कृति की नींव टिकी हुई है।

पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा मंगलवार को दुख भजन मंदिर में श्री ब्रह्मद्वाण एवं तीर्थोद्धार सभा की तरफ से आयोजित भगवान परशुराम जयंती समारोह में बोल रहे थे। इससे पहले पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, संरक्षक जय नारायण शर्मा,संस्था के प्रधान यशेन्द्र शर्मा, उप प्रधान नितिन भारद्वाज व यशपाल शर्मा, पूर्व प्रधान केके कौशिक, पूर्व प्रधान श्याम सुंदर तिवारी ने दीप शिखा प्रज्ज्वलित करके विधिवत रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। पूर्व राज्यमंत्री ने कहा कि आज जब हम विकसित भारत-विकसित हरियाणा बनाने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहे हैं, तब भगवान परशुराम जी के आदर्श और उनके संदेश हमें सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने जीवन भर अन्याय के विरुद्ध युद्ध किया, किन्तु कभी निजी स्वार्थ से नहीं, केवल समाज हित और धर्म की रक्षा के लिए शस्त्र उठाए। इससे हमें सीख मिलती है कि शक्ति का उपयोग तभी करना चाहिए, जब उसका उद्देश्य न्याय और जन-कल्याण हो। उन्होंने कहा कि आज माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व में भारत दुनिया को योग, आयुर्वेद और शांति का मार्ग दिखा रहा है। यह उसी विरासत का परिणाम है, जिसकी नींव भगवान परशुराम जी जैसे हमारे ऋषि-मुनियों और महापुरुषों ने रखी थी। भगवान परशुराम जी ने जो धर्म की स्थापना का मंत्र दिया था, वह आज भी उतना ही प्रासंगिक है।

# अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

**विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया**



दिनांक 29 अप्रैल 2025 प्रतापगढ़। अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) आदित्य प्रजापति की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय के सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में अपर जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को नियंत्रित एवं कम करने के लिये सड़क सुरक्षा के नियमों का सभी से कड़ाई से अनुपालन करायें एवं लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करें। उन्होने निर्देशित किया कि सड़क दुर्घटना में कमी लाये जाने हेतु ओवर स्पीडिंग, बिना हेलमेट, ओवर लोड वाहनों, बिना लाइसेंस के वाहन चालकों के विरूद्ध चालान की कार्यवाही की जाये। सड़क दुर्घटनाओं की समीक्षा में पाया गया कि अप्रैल माह में 45 दुर्घटनायें हुई है, मृत्यु वाली सड़क दुर्घटनाओं की जांच हेतु टीम गठित की गयी है जो घटना स्थल पर मौके पर जाकर निरीक्षण किया जाता है। एडीएम ने निर्देशित किया कि जो दुर्घटना स्थल है वहां पर साइन बोर्ड, रिफलेक्टिव टेप लगाये जाये और राज्य सड़क मार्गो व हाईवे की सड़कों पर जो गांव की रोड़ जुड़ती है वहां पर स्पीड ब्रेकर बनवाया जाये जिससे सड़क दुर्घनाओं में कमी आ सके। शहर के मार्गो पर किये गये किये गये अवैध अतिक्रमण को अभियान चलाकर हटाया जाये।

बैठक में एआरटीओ प्रशासन ने बताया कि 618 गाड़ियॉ बिना फिटनेस के पायी गयी और सभी नोटिस भेजा गया है और 26 गाड़ियों के लाइसेन्स निरस्त किये गये है जिस पर अपर जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि बिना फिटनेस के कोई भी वाहन न चलाये जाये और बिना फिटनेस वाहनों की सूची जिला विद्यालय निरीक्षक को उपलब्ध करा दें जिससे सम्बन्धित विद्यालयों को फिटनेस के सम्बन्ध में पत्र प्रेषित किया जा सके।

# सोते रहे परिवार, 1.22 लाख नकदी, बीस लाख के गहने और बीस किलो देशी घी चोरी

**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा**

हापुड़ जनपद के कपूरपुर थाना क्षेत्र के छज्जुपुर गांव में सोमवार रात को दो परिवार सोते रहे और चोरों ने 20 लाख के आभूषण व 1.22 लाख रुपये नकदी चोरी कर ली। चोर घर से 20 किलो देसी घी भी ले गए। जब परिवार सोकर उठे तो उन्हें मामले की जानकारी हुई। परिजनों ने 112 पर सूचना दी। जानकारी होने पर पहुंचे एएसपी विनित भटनागर और साथ ही क्षेत्राधिकारी पिलखुवा अनीता चौहान संग पहुंची।थाना प्रभारी निरीक्षक अखिलेश तिरपाठी ने मौके पर जांच पड़ताल करते हुए कार्रवाई का आश्वासन दिया है। ग्राम छज्जूपुर निवासी नरेन्द्र सिंह पुत्र महीपाल सिंह



ने बताया कि गलैक्सी पेकटेक लिमिटेड में पेशे से मैकेनिकल इंजीनियर हैं।वह अक्सर कंपनी के काम से लंदन आता जाता रहता है। उसका परिवार गांव में रहता है। सोमवार रात को वह अपने पिता, पत्नी और बच्चों के साथ घर पर सो रहा था। करीब बारह बजे चोरी ने पहलू मकान के बाहरी हिस्से में लगे जगंले को उखाड़कर मकान के अंदर घुसने का प्रयास किया होगा लेकिन कमरे की कुंदी लगी होने पर वह सफल नहीं हो सके तो चोरों ने छत के रास्ते की ओर से घर में प्रवेश किया। घर में कूलर चल रहा है, कूलर की तेज आवाज और गहरी नींद के चलते सभी सोए हुए थे। चोरों ने कुछ कमरों की कुंदी लगाकर लगा चोरी करते हुए अलमारी और संदूक खंगाल डाले ।इस दौरान चोरों ने घर में रखे सोने के आभूषण जिनकी कीमत 20 लाख रही है ,चोरी कर लिए। घटना की जानकारी सुबह चार बजे तब हुई जब नगेन्द्र सिंह की पत्नी राजेश देवी ने उठकर पूजा घर की ओर गई तो देखा कि सामान बिखरा हुआ है और संदूक और अलमारी के ताले टूटे हुए हैं।सुबह जब परिजनों ने घर के अंदर चोरी की घटना को देखा तो परिजनों के होश उड़ गए वहीं परिजनों का इस बड़ी चोरी के बाद रो-रो कर बुरा हाल है। पुलिस बल मौके पर पहुंच गया है और पूरे मामले की जांच में जुटा हुआ है।

# सड़क हादसे में झुलसे दढ़ियाल निवासी नूर अहमद की इलाज के दौरान मौत, परिवार में कोहराम

**वेलकम इंडिया**

सूचना पर पहुँची पुलिस ने 112 सेवा की मदद से दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए सरकारी अस्पताल पहुँचाया, जहाँ से उन्हें एसटीएच हल्द्वानी रेफर कर दिया गया। नूर अहमद की हालत अत्यंत गंभीर होने के कारण उन्हें दिल्ली रेफर किया गया, जहाँ मंगलवार सुबह करीब 9 बजे इलाज के दौरान उनका निधन हो गया।

**टाण्डा जिला रामपुर।** शुक्रवार को कालाढूंगी-हल्द्वानी हाईवे पर हुए दर्दनाक सड़क हादसे में गंभीर रूप से झुलसे नगर पंचायत दढ़ियाल निवासी नूर अहमद (42) पुत्र गुलाम हुसैन की मंगलवार सुबह दिल्ली के एक अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गयी।उनकी मौत की खबर से कस्बे में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। नूर अहमद मूल रूप से दढ़ियाल के रहने वाले थे और हल्द्वानी के गोजाजाली क्षेत्र में रहकर कारपेंटरी का कार्य करते थे। बीते शुक्रवार रात करीब 8:30 बजे वह अपनी पत्नी शाहिदा के साथ स्प्लेंडर बाइक से मुरादाबाद स्थित एक अस्पताल में भर्ती अपनी मां से मिलने जा रहे थे। तभी कालाढूंगी-हल्द्वानी हाईवे पर वन निगम कार्यालय के पास उनकी बाइक की एक केटीएस बाइक से आमने-सामने भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि देखते ही देखते दोनों बाइकें आग की लपटों में घिर गईं। इस हादसे में केटीएस बाइक सवार दो अज्ञात युवकों की मौके पर ही जलकर मौत हो गई, जबकि नूर अहमद और उनकी पत्नी गंभीर रूप से झुलस गए। सूचना पर पहुँची पुलिस ने 112 सेवा की मदद से दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए सरकारी अस्पताल पहुँचाया, जहाँ से उन्हें एसटीएच हल्द्वानी रेफर कर दिया गया। नूर अहमद की हालत अत्यंत गंभीर होने के कारण उन्हें दिल्ली रेफर किया गया, जहाँ मंगलवार सुबह करीब 9 बजे इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। पोस्टमार्टम के शव को एम्बुलेंस से दढ़ियाल लाया जा रहा है। नूर अहमद अपने पीछे पत्नी, चार बेटियाँ और एक बेटा छोड़ गए हैं। उनके निधन से परिवार समेत पूरे कस्बे में शोक की लहर है।

# आर्य समाज मन्दिर में जरूरत मन्द छात्र छात्राओं को उनके कोर्स की किताबें व कॉपियां की भेंट

**वेलकम इंडिया**

**झांसी!** सनशाइन क्लब झांसी के तत्वावधान में विनोद अग्रवाल यूको की अध्यक्षता , संस्थापक अशोक अग्रवाल काका व पूर्व अध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल जी अग्रवाल समाज सदर के सानिध्य , प्रोजेक्ट डायरेक्टर डॉ कृष्ण मोहन अग्रवाल के निर्देशन एवं श्रीमति आशा अग्रवाल - डॉ निधि अग्रवाल के संयोजन में आज आर्य समाज मन्दिर में कम सक्षम विद्यार्थियों को उनके कोर्स की किताबें व कॉपियां उपलब्ध करायी गयी।

आरम्भ में समाज की वेदी पर आर्य समाज रीति अनुसार यज्ञ में मुख्य यजमान विनोद - आशा अग्रवाल के साथ सभी क्लब परिवार ने आहुतियां डाली



तदोपरान्त गायत्री मंत्रोच्चारण के साथ आर्य समाजी नमस्ते कर एक दूसरे का अभिवादन किया गया। आर्य समाज मन्दिर विद्यालय में पढ़ रहे कम सक्षम छात्र - छात्राओं को पुस्तकों के सेट के साथ आवश्यक कॉपियां उपलब्ध कराते हुए क्लब परिवार ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष संजय लिखधारी , सुमित अग्रवाल , सानवी अग्रवाल , देव व्रत आर्य , ऊषा सिंघल , राजेश त्रिपाठी , जसदीप सिंह बांगा , काशीराम जी , सतीश चौधरी , प्रधानाचार्य मीनू अरोरा , रेखा त्रिपाठी , सिमरन कथूरिया , कनिका सिंह , विशाखा वर्मा , गौरी शंकर , सुदर्शन कथूरिया आदि ने सक्रिय सहयोग किया।

संचालन क्लब के वरिष्ठ उपाध्यक्ष वीरेन्द्र डालमिया ने व सभी के प्रति आभार काशीराम जी एवं क्लब सचिव अजय कुमार राय ने व्यक्त किया।

# सर्व ब्राह्मण महासभा समिति के तत्वावधान में हुआ भव्य भगवान परशुराम प्राक्टयोत्सव समारोह 2025 सम्पन

**वेलकम इंडिया**

**झाँसी -** प्रेमनगर नगरा में स्थित श्री नीलकंठेश्वर महादेव शिव मंदिर पर सर्व ब्राह्मण महासभा समिति झाँसी (रजि.) के तत्वावधान में आज भगवान परशुराम प्राकट्योत्सव के उपलक्ष्य में 251 विप्र बंधुओ, धर्मगुरुओं, आचार्यो का सम्मान हुआ। सर्वप्रथम भगवान श्री परशुराम का पूजन एवं महाआरती हुई। कार्यक्रम पं.रवि शर्मा सदर विधायक झाँसी के मुख्य आतिथ्य तथा पूज्य धर्मगुरु आचार्य हरिओम पाठक गुरुजी महानगर धमार्चार्य, पं.चंद्रप्रकाश तिवारी लल्लन महाराज मंडलाचार्य, आचार्य हरिओम थापक ज्योतिषाचार्य मर्मज्ञ, आचार्य विनोद चतुर्वेदी राष्ट्रीय



भागवताचार्य, बुंदेलखंड योगी अर्पितदास जी महाराज युवराज महंत श्री सखी के हनुमान मंदिर, पं.रविकांत मिश्र महंत श्री हनुमान मंदिर रेलवे कारखाना, आचार्य पंकज वशिष्ठ महंत श्री शनि शक्ति पीठ के आचार्यो की उपस्थिति में सम्पन हुआ व कार्यक्रम पं.मैथिलीशरण मुदगिल (वरिष्ठ समाजसेवी) एम.डी. मैसर्स बद्रीप्रसाद मुदगिल कॉन्सट्रक्शन कं. झाँसी की अध्यक्षता में हुआ और कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पं.रवि शर्मा सदर विधायक झाँसी ने 251 विप्र बंधुओ को ब्रह्म विभूति सम्मान से सम्मानित किया गया जिसमे मुख्य रुप से मुख्य संरक्षक पं.अनिल सुडेले, मुख्य संचालक पं.सियारामशरण चतुर्वेदी, अध्यक्ष आर.के.सहारिया, संरक्षक इंजी.शशिकांत द्विवेदी, महामंत्री पं.विवेक पाठक, जे.के.उदैनिया, डॉ.जितेंद्र तिवारी, पं.अनिल पाठक, पं.हरिओम मिश्रा, पं.नरेश मिश्रा, पं.उत्कर्ष लवानिया, पं.श्रवण तिवारी, प्रदीप पांडेय, विश्वनाथ मिश्रा, चंद्रमोहन तिवारी, मिथलेश मिश्रा, आदेश चतुर्वेदी, आर.एन. उपाध्याय, संजीव नायक, रमेश चौबे, नवल महाराज, सुरेश गौड़, संतोष गौड़, प्रभुदयाल महाराज, अखिलेश शर्मा गुड्डू, भगवती प्रसाद पांडेय, आत्माराम सिरोठिया, के.के.त्रिपाठी, रवि नारायण सारस्वत, राहुल तिवारी, हिर्देश चतुर्वेदी रानू महाराज समेत आदि विप्र बंधुओ सहित माताएं-बहने को भी सम्मानित किया गया।

# विवाहिता को बेरहमी से पीटकर किया घायल, आरोपी पति पर मुकदमा दर्ज

**वेलकम इंडिया**

**टाण्डा जिला रामपुर।** थाना टाण्डा क्षेत्र के ग्राम नया गाँव लतीफपुर निवासी शमशेर पुत्र शुबराती ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि उन्होंने अपनी बेटी नूरसबा का विवाह ग्राम पर्वतपुर निवासी इल्यास पुत्र हशमत के साथ किया था। शादी के कुछ समय बाद ही इल्यास व उसके परिजनों द्वारा नूरसबा को दहेज को लेकर प्रताड़ित किया जाने लगा। कई बार समझाने-बुझाने के बाद भी इल्यास ने मारपीट की घटनाएं जारी रखीं।

शमशेर के अनुसार, वर्ष 2023 में इल्यास ने उनकी बेटी को मायके में ही मारपीट कर तीन तलाक दे दिया था। बाद में पंचायत और पुलिस की मध्यस्थता के बाद उसने नूरसबा को पुनः अपने साथ ससुराल ले गया। 24 अप्रैल को इल्यास ने नूरसबा के साथ फिर से बेरहमी से मारपीट की, जिससे वह बेहोश हो गई और घर में पड़ी मिली। जब पीड़िता के परिजनों ने उससे संपर्क करने की कोशिश की, तो इल्यास ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित पिता का कहना है कि इल्यास पूर्व में भी उनके घर आकर उन्हें व उनकी पत्नी के साथ मारपीट कर चुका है। शमशेर ने कोतवाली में दी गई तहरीर में अपनी बेटी की जान को खतरा बताया और उसे इल्यास के चंगुल से बचाने की मांग की। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी इल्यास के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# विहिप, बजरंग दल ने पहलगाम में आतंकी हमले का विरोध प्रदर्शन किया

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

**नजीबाबाद** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकीयो द्वारा 26 लोगों की क्रूरता के हत्या करने के विरोध में विहिप, बजरंग दल साहनपुर खंड के कार्यकताओं ने श्री बालाजी मंदिर निकट श्री गुलशन प्रजापति जी के निवास स्थान पर एकत्र होने के उपरांत विरोध प्रदर्शन करते हुए साहनपुर मैंन चौराहे पर आतंकवाद पाकिस्तान का पुतला फूंका व अपना विरोध दर्ज किया, पुतला फूंकने के बाद सभी पाकिस्तान मुदार्बाद वह अन्य नारे लगाए , प्रदर्शनकारीयो ने दोषियों के खिलाफ तत्काल जवाबी कार्रवाई की मांग की, मृतक हिन्दू तीर्थ यात्रियों को श्रद्धांजलि अर्पित की, बजरंग दल के कार्यकताओं ने जिहादी मानसिकता को चेतावनी दी कि हिंदुओं के साथ इस अत्याचार को बंद किया जाए नहीं तो करारा जवाब दिया जाएगा, बजरंग दल के कार्यकताओं ने कहा कि पाकिस्तान अपना कायराना अंदाज




को बदलने का नाम नहीं ले रहा है, उस का जवाब इस बार एसा दिया जाएगा कि हमेसा याद रखे गा, इस दोरान कृष्णा प्रजापति खण्ड मंत्री बजरंग दल , मनीष प्रजापति प्रखंड विद्यार्थी प्रमुख बजरंग दल, संदीप प्रजापति खंड संयोजक , आशीष कुमार प्रजापति ( बजरंग दल कार्यकर्ता ) मयंक नाथ खंड सह संयोजक बजरंग दल, अजय (पंडत जी), अकुल नाथ, सूरज, पीयूष प्रजापति, गजेंद्र प्रजापति, मनोज राजपूत , अरुण राजपूत , रविन्द्र काकरान , गुलशन प्रजापति , कृष्णा (गोलू) , ऋतिक, सोंटी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे !

# मुस्लिम परिवार ने माता के मंदिर का निर्माण कराकर कराया देवी जागरण, भजनों पर झूमा परिवार

**वेलकम इंडिया**

**हाथरस** जिले के हसायन क्षेत्र के गांव काच के नगला मे एक मुस्लिम परिवार ने अपने गांव की माता के मंदिर का गांव के सहयोग से निर्माण कराया है ओर देवी जागरण कराकर सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल पेश की है। देवी जागरण के दौरान अकील खां का परिवार की महिलाएं और लोग माता रानी के देवी जागरण मे भक्ति गीतों पर जमकर झूमे। इस दौरान देवी जागरण पूर्ण होने के बाद प्रसाद वितरण का भी आयोजन किया गया। जिसमे आस-पास के गांव के लोगो ने प्रसाद ग्रहण किया। अकील का कहना है कि मे जितना अल्लाह को मानता हूँ उतना ही भगवान को मानता हूँ हमारे देश मे हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई सब रहते है, हम सब भाई भाई है, मे लम्बे समय से हिन्दू धर्म मे सेवा करता रहा हूँ ओर करता रहूंगा।देवी जागरण के बाद भंडारा कराकर बहुत खुशी हो रही है। अकील खां ने यह कहाँ कि मुस्लिम समुदाय के साथ-



साथ हिन्दू भाइयो ने भी देवी जागरण मे सहयोग दिया है ओर मेरे मनोबल को ओर बढ़ाया है। देवी जागरण के भंडारे मे मौजूद रहे बनी सिंह बघेल सपा प्रदेश सचिव ने कहाँ की अकील खां शुरू से ही भाई चारा बनाये रखते है। इन्होने कभी कोई हिन्दू मुस्लिम भेद भाव नहीं मना है। समाज मे जो उन्होंने किया है बो गांव नगला काच मे एक हिन्दू मुस्लिम एकता की मिशाल पेश की है ओर आज मे इस कार्यक्रम मे मौजूद हूँ। जो विपछ के नेता हिन्दू मुस्लिम पर राजनीति करते है उन्हो से मे कहना चाहता हु कभी गांव के उन मुस्लिम लोगो से मिलो जो उतना अल्लाह को मानते तो उतना ही राम को मानते है लेकिन विपक्ष के नेता भारत मे हिन्दू मुस्लिम का जुमला देकर आपस भेद भाव कर अपना स्वार्थ पूरा करते है।

# बीएसए ऑफिस में तैनात दो बाबुओं को 70 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा



**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा**

हापुड़ जनपद में एंटी करप्शन की टीम ने बीएसए ऑफिस में तैनात दो बाबुओं को 70 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आपको बता दें हापुड़ बीएससी ऑफिस में तैनाद दो बाबुओं ने एक स्कूल संचालक से मान्यता रिन्यू करने के नाम पर ?70 हजार की रिश्वत की डिमांड की थी और रिश्वत न देने पर स्कूल को बंद करने की धमकी दी थी। इसी को लेकर पीड़ित ने एंटी करप्शन विभाग से संपर्क किया और आज करीब 20 सदस्य एंटी करप्शन की टीम हापुड़ बीएससी ऑफिस पहुंची और पीड़ित से ?70 हजार की रिश्वत ले रहे दो बाबू को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया है। वही एंटी करप्शन की टीम आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

# अंतिम चेतावनी, अवैध नर्सिंग होम्स कि 7 दिन में जाँच नहीं हुई तो जिलाधिकारी कि गाड़ी के सामने लेट कर करेंगे विरोध प्रदर्शन

**वेलकम इंडिया**

**झांसी!** बुन्देलखण्ड निर्माण मोर्चा के अध्यक्ष भानू सहाय ने आयुक्त से भेंट कर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि बुन्देलखण्ड में धड़ल्ले से बिना नक्शा पास करवाए एवं गैर भू उपयोग वाली भूमि पर निर्माण कर अवैध नर्सिंग होम्स धडल्ले से कार्य कर रहे है। अग्नि शमन की नर्सिंग होम के लिए बनी नियमावली के विपरीत मात्र छोटा सा यन्त्र लगवाकर अग्नि शमन विभाग अनुमति पत्र जारी कर रहा है। प्रदूषण विभाग को कोई लेना देना नही है कि चिकित्सीय अपशिष्ट को कैसे और कहां नष्ट किया जाए तथा नर्सिंग होम में प्रदूषण की स्तिथि कैसी है



ये जांच की ही नहीं जाती। वही दवाएं सिर्फ वे लिखी जाती है जो संबंधित चिकित्सक के नर्सिंग होम में स्थापित केमिस्ट की दुकान पर ही मिलती है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी कैसे अनुमति जारी कर अवैध नर्सिंग होम्स का संचालन करवा रहे है यह विषय गंभीर पर अनेक बार मुख्यमंत्री, मंडल आयुक्त एवं जिला अधिकारी से शिकायत करने पर जांच के नाम पर जांच करके शिकायत को ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है। संबंधित अधिकारी वरिष्ठ अधिकारियों के जांच के आदेशों की अव्हेलना कर अपनी जेब भरते है जिस कारण प्राइवेट नर्सिंग होम्स इतनी कमियों के बाबजूद धडेल्ले से कार्य कर रहे है। उच्च स्तरीय कमेटी बनाकर अगर 7 दिन के भीतर बुन्देलखण्ड के नर्सिंग होम्स की बिंदुवार एवं विस्तृत जांच नहीं कराई गई तो बाध्य होकर जिला अधिकारियों कि गाड़ी के सामने लेट कर विरोध करने के लिए बाध्य होगे क्योकि किसी भी बुंदेली को आकाल मृत्यु के गाल में जाते हुये नहीं देख सकते है ।

# किराएदारों का सत्यापन नही करने पर पुलिस सख्त

**वेलकम इंडिया**

**बागेश्वर, बागेश्वर** पुलिस का सत्यापन अभियान तेज हो गया है ।एसपी चन्द्रशेखर घोड़के ने सभी थानाध्यक्षो को अपने क्षेत्र में रह रहे बाहरी लोगों का शत प्रतिशत पुलिस सत्यापन करने के सख्त निर्देश दिए हैं ।कोतवाली नगर क्षेत्र में सत्यापन चेकिंग अभियान जारी है। इस दौरान 16 व्यक्तियों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई।

तीन मकान मालिकों का दस-दस हजार का चालान किया गया। पुलिस की सख्ती के चलते उन मकान मालिकों में हड़कंप मचा हुआ है जो बगैर सत्यापन के किरायेदार रख रहे हैं। पुलिस अधीक्षक अजय साह के नेतृत्व में कौलवाल कैलाश सिंह नेगी व पुलिस टीम ने नदीगांव क्षेत्र में सत्यापन अभियान चलाया। अभियान के दौरान किरायेदारों, श्रमिकों का सत्यापन न कराने पर कुल 16 व्यक्तियों के विरुद्ध धारा 52 (3) /83 उत्तराखंड पुलिस अधिनियम के अंतर्गत चालानी कार्रवाई की। साथ ही, 83 पुलिस अधिनियम के अंतर्गत तीन मकान मालिकों द्वारा किरायेदारों का सत्यापन न कराए जाने पर उनके विरुद्ध चालानी कार्रवाई की। उनसे 10-10 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया है।

# सादाबाद के महाराजा अग्रसेन कन्या महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को को ऑपरेशन जागृति के तहत किया गया जागरूक

**वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार**



**हाथरस।** अनुपम कुलश्रेष्ठ,अपर पुलिस महानिदेशक आगरा जोन, आगरा की अध्यक्षता मे जिलाधिकारी राहुल पाण्डेज व पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा की उपस्थिति मे ऑपरेशन जागृति फेज-4 अभियान के तहत यूनिसेफ के प्रतिनिधियों के साथ थाना सादाबाद क्षेत्रांतर्गत महाराजा अग्रसेन कन्या महाविद्यालय में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर महिला एवं बालिकाओं व आमजन को ऑपरेशन जागृति के उद्देश्यों के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई और अभियान का जन-जन तक प्रचार प्रसार करने की अपील की गई । इस दौरान चेयरमैन सादाबाद, उपजिलाधिकारी सादाबाद, क्षेत्राधिकारी सादाबाद, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी आदि जनपद स्तरीय अधिकारी व स्कूल के प्रधानाचार्य, स्कूल के छात्र,छात्राएं,स्कूल का स्टाफ ,अन्य अधिकारी,कर्मचारीगण मौजूद रहे ।सर्वप्रथम सलामी गार्द द्वारा अपर पुलिस महानिदेशक आगरा जोन, आगरा को सलामी दी गयी । इसके पश्चात अपर पुलिस महानिदेशक आगरा जोन आगरा द्वारा दीप प्रज्वलित कर व माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया ।कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक हाथरस द्वारा अपर पुलिस महानिदेशक आगरा जोन जिलाधिकारी हाथरस, चेयरमेन सादाबाद को पौधे देकर उनका स्वागत किया गया ।तथा स्कूली छात्र, छात्राओं द्वारा नुक्कड नाटक, कविताएं आदि के माध्यम से आमजन को ऑपरेशन जागृति के उद्देश्यों के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए जागरुक किया गया । इसके पश्चात अपर पुलिस महानिदेशक आगरा जोन आगरा द्वारा अपने संबोधन मे ऑपरेशन जागृति के मुख्य उद्देश्य- महिलाओं के प्रति अपराध, झूठे प्रकरणों में महिलाओं को मोहरा बनाने की प्रवृति एवं उसके दुष्परिणाम, लव रिलेशनशिप के प्रति अभिभावकों, किशोर व किशोरियों को जागरूक करना, साइबर हिंसा से सुरक्षा के मुद्दों पर चर्चा, युवावस्था में नशे का सेवन के प्रति एवं उसके परिणाम, परिवारिक विघटन के मामलों में काउंसलिंग व रेफरल उपलब्ध कराने पर प्रकाश डाला गया एवं विस्तार से अवगत कराया गया ।कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को जागरूक करते हुए उन्हें भरोसा दिलाया गया कि पुलिस पूरी तरह से हर समय आप लोगों के साथ है। आपकी शिकायत का हर संम्भव समाधान किया जायेगा ।झूठे प्रकरण दर्ज नहीं होने चाहिए, इससे कानून का दुरुपयोग होता है । महिलाओं/बालिकाओं के साथ घटित अपराधो से बचाव के उपाय व उनकी रोकथाम व कानूनी प्रक्रिया तथा छात्राओं/बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे- यू0पी0-112 नम्बर, वीमेन पावर लाइन 1090, यूपी कॉप एप,181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन आदि तथा साइबर अपराधों से बचाव हेतु जानकारी दी गई ।

# प्लाट के नाम व्यक्ति से ठगी करने का आरोप पीड़ित ने पुलिस से लगाई न्याय की गुहार

**वेलकम इंडिया**




**लखीमपुर-खीरी:**प्लाट दिलाने के नाम पर एक व्यक्ति से की गई लाखो की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है ।जिसके चकते पीड़ित ने पुलिस को लिखित तहरीर देकर लगाई न्याय की गुहार। ताजा मामला जनपद खीरी के शहर लखीमपुर से निकल कर सामने आया है ।लखीमपुर के मोहल्ला प्यारेपुर निवासी मोहम्मद आरिफ ने जेल गेट चौकी पर लिखित तहरीर देकर बताया कि थाना तिकुनिया के ग्राम तकिया पुरवा का रहने वाला एक व्यक्ति तौहीद ने उनसे प्लाट दिलाने के नाम पर 772000/-की ठगी कर डाली।पीड़ित ने बताया कि तौहीद के बहनोई मोहम्मद इकरार जो की मोहल्ला हिदायत नगर लखीमपुर के रहने वाले है पीड़ित व्यक्ति की उनसे दोस्ती थी ।लगभग एक साल पहले मोहम्मद इकरार अपने साले को लेकर उसके आवास पर आए और पीड़ित व्यक्ति की जान पहचान कराई। जिसके बाद तौहीद एक दिन अपने बहनोई मोहम्मद इकरार,निवासी मोहल्ला हिदायद नगर लखीमपुर अपने भाई जमीर, अपने साले मुफीद, अपने भाई तौसीफ के साथ आये और मोहम्मद आरिफ से प्लाट खरीदने को कहा तौहीद व उसके साथियों ने लखीमपुर के हिदायद नगर में मोहम्मद आरिफ को एक प्लाट दिखाया और मोहम्मद आरिफ से कहा कि ये प्लाट बिक रहा है जिसकी कीमत 772000/- का मय लिखा पढ़ी के पड़ेगा ।कीमत ज्यादा होने की वजह से मोहम्मद आरिफ ने प्लाट लेने से मना कर दिया ।जिसके बाद तौहीद व उसके साथियों ने मोहम्मद आरिफ से कहा कि वो धीरे धीरे रुपये देते रहे जब प्लाट की पूरी कीमत के हिसाब से 772000/-उसे मिल जायेंगे तो वो प्लाट की लिखा पढ़ी मोहम्मद आरिफ के नाम कर देगा। तौहीद व उसके साथियों की बात को सुन को मोहम्मद आरिफ प्लाट लेने के लिये राजी हो गया। मोहम्मद आरिफ का कहना है फिर थोड़े थोड़े दिनों के बाद तौहीद अपने बहनोई मोहम्मद इकरार, भाई तौसीफ वा जमीर, साले मुफीद के साथ उसके घर पर आता और उससे रुपये ले जाता ।कुल मिलाकर तौहीद ने उससे नौ किश्तों में 772000/-रुपये ले डाले। मोहम्मद आरिफ का कहना है कि जब जब तौहीद उनके पास रुपये लेने आता तब तब उपरोक्त सभी व्यक्ति उसके साथ होते और उससे कहते कि वो तौहीद को रुपये देते रहे इसकी पूरी जिमेदारी उनकी है।

# खेत पर काम करने जा रहे दंपत्ति को नीलगाय ने मारी टक्कर, महिला की हालत गंभीर

**वेलकम इंडिया**



■ आवागमन वाले राहगीरों की मदद से उपचार के लिए डॉक्टर के पास भेज दिया गया।

**ऊंचागांव :** क्षेत्र के कमालपुर में सड़क पार करते समय नीलगाय चलती बाइक से टकरा गई ।हादसे में बाइक सवार पति पत्नी घायल हो गए। जिन्हें आवागमन वाले राहगीरों की मदद से उपचार के लिए डॉक्टर के पास भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार कमालपुर निवासी सुरेंद्र व उसकी पत्नी द्रोपती दोनों कमालपुर से ढलना के बीच खेत पर किसी कार्य को करने जा रहे थे। घायल सुरेंद्र ने बताया कि वह खेत के निकट पहुंचे तो अचानक बाइक के सामने से नीलगाय ने तेज गति से सड़क पार कर रही थी। जिससे उनकी बाइक नीलगाय से टकरा गई, जिससे बाइक फिसलकर सड़क किनारे जा गिरी। और सुरेंद्र खेत किनारे खाई में गिर गया और पत्नी द्रोपती के सिर में नीलगाय का सींग घुस गया। और गंभीर रूप से घायल हो गई। आनन फानन मे राहगीरों की मदद से दोनों को पास उपचार के लिए डॉक्टर के पास भेज दिया। हादसे के बाद सड़क राहगीरों की भीड़ जमा हो गई।

# नरसेनाइ्ट के जंगलों में, बिना मालिक खड़ा मिला ट्रैक्टर, पुलिस ने किया जब्त




**वेलकम इंडिया**

**बुलंदशहर :** थाना नरसेना क्षेत्र के गांव ढलना, रघुनाथपुर के समीप आम के बागों में बिना मालिक के सोनालिका ट्रैक्टर खड़ा मिला। बाग मालिक मंगलवार की सुबह अपने बाग में बंदरों को देखने के लिए गया तो उसने देखा कि उसके बीच बाग में सोनालिका ट्रैक्टर खड़ा हुआ था।मालिक ने आस पास काम कर रहे स्थानीय किसानों से ट्रैक्टर व उसके मालिक के बारे में ली। लेकिन आस पास के किसानों को ट्रैक्टर के बारे में कोई जानकारी नहीं होने पर बाग मालिक ने ट्रैक्टर के बाग में खड़े होने की सूचना थाना नसेर्ना पुलिस को दी ट्रैक्टर की सूचना मिलने पर तुरन्त थाना प्रभारी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और ट्रैक्टर को अपने हिरासत में ले लिया। और थाने ले गए।थाना प्रभारी रीतेश कुमार सिंह ने बताया कि ढलना रघुनाथपुर के जंगलों में एक सोनालिका ट्रैक्टर खड़े होने की सूचना मिली थी।

मौके पर पहुंच कर ट्रैक्टर को हिरासत मे ले लिया गया है। ट्रैक्टर किसका है, और कहा से आया है। जांच की जा रही है।

# ग्रापए प्रदेश सचिव नागेश्वर सिंह का स्वागत सम्मान



**वेलकम इंडिया**

**वाराणसी/चोलापुरः** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के प्रदेश सचिव नागेश्वर सिंह का सोमवार को सदर तहसील के चोलापुर में चुनाव जीत के बाद प्रथम आगमन पर जोरदार स्वागत किया गया। चोलापुर थाना प्रभारी राकेश कुमार गौतम और संगठन के सदर तहसील अध्यक्ष विजय शंकर चौबे ने औपचारिक मुलाकात में अंग वस्त्र देते हुए माल्यार्पण कर स्वागत सम्मान किया। इसके बाद नागेश्वर सिंह ने संगठन के सम्मानित सदस्य विवेक राय और आनंद राय के यहां अखंड रामायण में पहुंचे, जहां संगठन के सभी पदाधिकारी और सदस्यों ने उनसे मुलाकात की।इस अवसर पर सभी ने नागेश्वर सिंह को बधाई दी और उनके नेतृत्व में संगठन की प्रगति की कामना की।

इस मौके पर अनिल राय, चंद्र प्रकाश सिंह, अभय यादव, राहुल चौबे, अतुल राय, राजकुमार मिश्र, सत्यप्रकाश चौबे आदि लोग मौजूद रहे। सभी ने नागेश्वर सिंह के नेतृत्व में संगठन को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की उम्मीद जताई।

# बाइक सवार बदमाशों ने सगे भाइयों पर चलाई गोली, एक घायल, एक बाल-बाल बचा

**वेलकम इंडिया**



**मिजार्मुराद(वाराणसी)।** बेनीपुर चगवार गांव (मिजार्मुराद) में सोमवार की रात नौ बजे के आसपास रामनगर से काम करके वापस घर आ रहे दो संगो भाइयों पर मुंह बांधे दो अज्ञात बाइक सवार बदमाशों ने गोली चला दिया दिया जिसमें एक युवक के सिर में गोली जा लगी और बाइक सवार जा गिरे उसके बाद बाइक सवार बदमाश मोमिनपुर की तरफ भाग निकले।

जानकारी के अनुसार मिजार्मुराद थाना क्षेत्र के करधना (भटपुरवा) गांव निवासी गोविंद पटेल व अरविंद पटेल दोनों संगे भाई रामनगर में मिथिला पैकेट कंपनी में आपरेट है नौ बजे रात में काम से वापस घर लौट रहे थे कि घायल गोविंद के छोटे भाई अरविंद ने बताया कि मिजार्मुराद थाना क्षेत्र के बेनीपुर चगवार के पास पहुंचा था उसी समय एक बाइक पर सवार दो बदमाश मुंह बांधे पहुंचे और ओवरटेक करने के बाद गोली चला दिये गोली बड़े भाई गोविंद को सिर में लगी और वो लहूलुहान होकर बाइक समेत गिर पड़े उसके बाद बाइक सवार बदमाश मोमिनपुर के तरफ भाग निकले ।अरविंद पटेल ने मिजार्मुराद पुलिस को सूचना दिया और भाई को इलाज हेतु लेकर एक निजी अस्पताल पहुंचा जहां सिर में डॉक्टर ने टाका मारकर रेफर कर दिया ।पुलिस ने घायल को लेकर कबीरचौरा पहुंचा डॉक्टरों ने ट्रॉमा सेंटर के लिए रेफर कर दिया लेकिन गोविंद की स्थिति ठीक न होने के कारण भोजूबीर स्थित सूर्यांश हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया जहां गोविंद का इलाज चल रहा है ।मंगलवार की दोपहर मिजार्मुराद थाने पहुंचे अरविंद पटेल ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ तहरीर दिया ।इस बाबत थाना प्रभारी मिजार्मुराद सुधीर कुमार त्रिपाठी ने बताया कि घटना की सूचना मुझे आज मिली है जांच पड़ताल किया जा रहा है।

# पिलाना में भगवान परशुराम जयंती महोत्सव का हुआ भव्य आयोजन

**वेलकम इंडिया**



**बागपत, उत्तर प्रदेश। विवेक जैन।** पिलाना गांव स्थित श्री श्याम वाटिका में भगवान परशुराम जयंती महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। महोत्सव में क्षेत्र के हजारों लोगों, स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों और सम्मानित अतिथियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समारोह का शुभारंभ हवन के साथ हुआ, उसके बाद दीप प्रज्वलन किया गया। इस अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति ने सभी का मन जीत लिया। इसके उपरान्त भगवान परशुराम के जीवन और उनके आदर्शों पर आधारित एक प्रेरक वीडियो दिखाई गई। इस अवसर पर आयोजित सम्मान समारोह में समाज के उन व्यक्तियों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान दिया। इस दौरान प्रेरक वक्तव्य भी दिए गए, जो सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत बने। इस भव्य आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में महामंडलेश्वर श्री भैया दास जी महाराज (श्री बालाजी धाम आश्रम गौशाला, डुंडाहेड़ा) का पावन सान्निध्य प्राप्त हुआ। उन्होंने अपने आशीर्वचन में भगवान परशुराम के जीवन से प्रेरणा लेने और सनातन संस्कृति की रक्षा का संदेश दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत सदस्य देवेंद्र त्यागी ने और संचालन आशीष कांडवाल ने किया। महोत्सव में केटी विंग फाउंडेशन के संस्थापक कपिल त्यागी उर्फ केटी भईया, हम्बीर सिंह, श्याम सुंदर, संजय प्रधान, यशपाल त्यागी, सोनू त्यागी, नरेश प्रधान, शिव कुमार त्यागी, इंटरनेशनल अवॉर्डी एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित वरिष्ठ पत्रकार विपुल जैन बागपत, श्रद्धानंद त्यागी पदड़ा सहित अनेकों गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# प्राकृतिक खेती को सफल बनाने को कृषि सखियों का प्रशिक्षण

**वेलकम इंडिया**

**वाराणसी।** युगों युगों से कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ रही है और इस रीढ़ को मजबूत करने में महिला किसानों के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता ।ऐसे जनपद की कृषि सखियों व किसानों की जागरूकता से प्राकृतिक खेती को नये पंख लगेगें ।आवश्यकता सिर्फ इस बात की है कि कृषि सखियां किसानों के बीच पहुंचकर उन्हें रसायनिक खेती के दुष्परिणाम व प्राकृतिक खेती के लाभ समझाने का कार्य करें ।उक्त बातें जनपद के उप कृषि निदेशक अमित जायसवाल ने मंगलवार को कृषि विज्ञान केंद्र कल्लीपुर में कृषि सखियों के पांच दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ करते हुए कही। उन्होंने कहा कि कृषि सखियां के प्रयास से कृषि विभाग एवं किसानों के बीच की महत्वपूर्ण कड़ी अधिक मजबूत होगी। नेशनल मिशन आन नेचुरल फार्मिंग योजनान्तर्गत जनपद के चोलापुर , चिरईगांव, आराजीलाईन, सेवापुरी विकास खण्ड में गठित सभी प्राकृतिक क्लस्टरों से चयनित कृषि सखियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया ।कृषि विज्ञान केंद्र के कृषि वैज्ञानिक डा.प्रकाश सिंह ने कृषि सखियों को प्राकृतिक खेती में जीवामृत, बीजामृत के उपयोगिता के सम्बंध में जानकारी दी ।इसी प्रकार डा.राहुल कुमार सिंह ने कीटों व रोगों के निराकरण, डा.अमितेश ने फसलों की गुणवत्ता, डा.मनीष पांडेय ने प्राकृतिक तरीके से फलों एवं सब्जियों की खेती एवं डा.पूजा ने प्राकृतिक खेती में पशुपालन की भूमिका एवं महत्व पर जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन व धन्यवाद ज्ञापन डा.एनके सिंह ने किया।

# वित्तीय वर्ष 2025-26 में लोक निर्माण विभाग के कार्य योजना को अन्तिमीकरण की कार्रवाई किए जाने हेतु आयोजित हुई बैठक

**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा**




हापुड़ जनपद में लोक निर्माण विभाग हापुड़ की वित्तीय वर्ष 2025-26 की कार्ययोजना तैयार करने हेतु जिलाधिकारी अभिषेक पांडे की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में बैठक आहूत की गयी। जिसमें विधायक धर्मेश सिंह तोमर (विधानसभा क्षेत्र धौलाना), विधायक हरेन्द्र सिंह तेवतिया (विधानसभा क्षेत्र गढ़मुक्तेश्वर), रेखा नागर जिला पंचायत अध्यक्ष हापुड़, सासंद अतुल गर्ग (गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र) के प्रतिनिधि राजेन्द्र मित्तल मेहन्दी वाले, सासंद अरुण चन्द्रप्रकाश गोविल (मेरठ लोकसभा क्षेत्र) के प्रतिनिधि विनोद गुप्ता एवं अशोक बबली, सासंद कंवर सिंह तंवर (अमरोहा लोकसभा क्षेत्र) के प्रतिनिधि योगेन्द्र तंवर, हिमांशु गौतम मुख्य विकास अधिकारी हापुड़, शैलेन्द्र सिंह अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग हापुड़, मुकुल नागपाल सहायक अभियन्ता, संदीप कुमार सिंह सहायक अभियन्ता, संजय सिंह सहायक अभियन्ता द्वारा प्रतिभाग किया गया।

उक्त बैठक में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जनप्रतिनिधियों से प्राप्त प्रस्तावों पर विचार-विमर्श उपरान्त जनपद की प्राथमिकता निर्धारित करते हुए जनपद हापुड़ से सम्बन्धित वित्तीय वर्ष 2025-26 की कार्ययोजना के अन्तिमीकरण हेतु कार्यवाही की गयी।

# कांग्रेस खुद संविधान विरोधी, और केवल जनता को भृमित करने वाली पार्टी-शिव सिंह बिष्ट

**वेलकम इंडिया**




**बागेश्वर,** कांग्रेस द्वारा प्रदेश भर में निकाली जा रही संविधान बचाओ यात्रा पर भाजपा ने कांग्रेस को घेरा है ।और कांग्रेस पर खुद संविधान को अपनी मर्जी से अपने शासनकाल में बदलने के आरोप लगाए ।और देश को भृस्टाचार बेरोजगारी की ओर ले जाने वाली पार्टी बताया ।बागेश्वर मेंभाजपा कार्यालय में दर्जा राज्य मंत्री शिव सिंह बिष्ट ने पार्टी कार्यालय में एक पत्रकार वार्ता की। उन्होंने कहा की कांग्रेस ने खुदअपने शासनकाल में संविधान का दुरुपयोग किया है ।प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने 7 बार जबकि इंद्रा गांधी ने 60 बार संविधान बदलने का काम किया है । कांग्रेस सरकार ने हमेशा अपनी दलगत नीति जनता पर थोपी है ।सत्ता में रहते पार्टी केवल शीर्ष नेतृत्व के इशारों से संचालित हुई है ।यही नहीं कांग्रेस ने सरकारों को गिराने का काम किया। उन्होंने कहा कांग्रेस पार्टी हमेशा से ही संविधान विरोधी रही है और दबे पिछड़े लोगों को दबाने का काम कांग्रेस ने किया है। कांग्रेस का एकमात्र काम बीजेपी पर जूठे आरोप लगाने का है ।आज आम जन को समान नागरिकता और समान विकास का अधिकार मिल रहा है। साथ ही शिव सिंह बिष्ट ने कहा कांग्रेस सरकार ने सामाजिक, राजनीतिक और न्यायालय पर भी हमला करने का काम किया और स्वतंत्र निष्पक्ष मीडिया को दबाने और जेल में डालने का काम भी कांग्रेस सरकार में हुआ है। उन्होंने कहा कांग्रेस पार्टी संविधान का ढोंग कर पार्टी को बचाने का काम करती है। जबकि 11 साल के कार्यकाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दो बार संविधान को जनता के हित में काम किया है। देश की जनता सब जानती है।

# धामपुर के प्रसिद्ध फिजियोथैरेपी चिकित्सक डॉ प्रिंस गुप्ता को अलीगढ़ में किया गया फिजियो रत्न अवॉर्ड से सम्मानित

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा



**धामपुर :** धामपुर धर्म नगरी धामपुर के प्रसिद्ध समाज सेवी चिकित्सक तथा खारी कुआं स्थित फीजीकेअर फिजियोथेरेपी क्लीनिक के डायरेक्टर एवं वरिष्ठ फिजियोथेरेपिस्ट डॉ प्रिंस गुप्ता को अलीगढ़ में आयोजित फिजियोगाइड 3 कॉन्फ्रेंस में फिजियोथेरेपी के क्षेत्र मे उत्कृष्ट कार्य के लिए फिजियो रत्न अवॉर्ड से सम्मानित किया गया यह सम्मान डॉ प्रिंस गुप्ता को खचाखच भरे हाल तथा तालिया की सामूहिक गड़गड़ाहट के बीच इंडियन एसोसिएशन ऑफ फिजियोथेरेपी के अध्यक्ष डॉ संजीव झा एवं महिला फिजियोथेरेपी विंग की अध्यक्ष डॉ रुचि द्वारा प्रदान किया गया

कॉन्फ्रेंस में देश के विभिन्न स्थानो तथा विदेश से पहुंचे चयनित विशेषज्ञों के बीच डॉ प्रिंस गुप्ता को यह फिजियो रत्न अवॉर्ड उनकी 23 वर्षों की उत्कृष्ट सेवाओं शोध कार्यों और फिजियो थेरपी क्षेत्र में दिए गए ऐतिहासिक एवं उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया है। उक्त सम्मान प्रदान करने वाले डॉ संजीव झा तथा डॉ रुचि ने अपने संबोधन में जनपद बिजनौर के धामपुर नगर में निवास करने वाले फिजियोथेरेपिस्ट डॉ प्रिंस गुप्ता द्वारा फिजियोथेरेपी के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय कार्यों की विस्तार से बिंदुवार चर्चा करते हुए कहा कि समर्पित चिकित्सक ही स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत आधार दिलाने में अहम भूमिका प्रदर्शित कर सकते हैं जिसके लिए धामपुर के डॉ प्रिंस गुप्ता ने न केवल अपने 23 वर्ष के कार्यकाल का एक स्वर्णिम इतिहास ही रचा है बल्कि वे फिजियोथेरेपी के क्षेत्र में कार्य करने वाले अन्य लोगों के लिए प्रेरणा के स्रोत भी कहे जाएं तो अतिशयोक्ति नहीं होगी इस अवसर पर फिजियो रत्न अवार्ड से सम्मानित होने वाले डॉक्टर प्रिंस गुप्ता ने बताया कि हड्डी जोड़ रोग एवं नसों /मांसपेशियों की किसी भी बीमारी मे फिजियोथेरेपी के माध्यम से किए जाने वाला उपचार अत्यधिक कारगर उपचार साबित हो रहा है। फिजियोथेरेपी के द्वारा घुटना प्रत्यारोपण एवं रीढ़ की हड्डी के ऑपरेशन से भी बचा जा सकता है उन्होंने संबंधित रोगों से ग्रसित सभी रोगियों का आवाहन भी किया कि वह क्वालिफाइड फिजियोथेरेपी विशेषज्ञ से ही उपचार करवाये अलीगढ़ में सम्मानित होने के बाद जब डॉक्टर प्रिंस गुप्ता धामपुर पहुंचे तो उनके शुभचिंतकों ने ढोल की थाप पर जश्न एवं खुशियां मनाते हुए उनका जोरदार स्वागत किया अपने स्वागत से अभिभूत डॉ प्रिंस गुप्ता जब भगत सिंह चौक से खारी कुआं को जाने वाले मार्ग पर स्थित आवास पर पहुंचे तो सबसे पहले उन्होंने अपने पिताश्री कामेश्वर नाथ गुप्ता तथा जन्म देने वाली माता अर्थात जननी नीलम गुप्ता के चरण स्पर्श करके उनका आशीर्वाद प्राप्त किया और इस गौरवशाली उपलब्धि का पूरा श्रेय भी अपने माता-पिता को देते हुए कहा कि माता-पिता के आशीर्वाद में ही दुनिया का हर सुख और उपलब्धि समाहित है।

# पहलगाम में हुई सैलानियों की हत्या की शिक्षकों ने कि निंदा



वेलकम इंडिया

**नूरपुर (नितिन शर्मा ) :** क्षेत्र के आर एस एम पब्लिक स्कूल असदपुर धमरोली मे 22 अप्रैल को जम्मू कश्मीर के पहलगाम मे आतंकवादियों द्वारा 27 पर्यटक हिंदू सैलानियों की गोली मारकर हत्या के विरोध मे स्कूल के छात्र- छात्रों, अध्यापक अध्यापिकाओ ने उनकी आत्मा की शांति हेतु मौन धारण व मोमबत्ती जलाकर प्रार्थना, श्रद्धांजलि अर्पित की गई। भारत सरकार इस घटना का सख्त से सख्त सजा देकर, आतंकवादियों के खिलाफ कठोरतम कार्यवाही करे। विरोध प्रदर्शन मे प्रधानाचार्य कोमल यादव, सोमवीर त्यागी, हर्ष शर्मा, शोभा यादव, जयश्री, फातिमा, दीपाली, मोनिका चौधरी, मंजू सुरेश यादव आदि स्टाफ, छात्र छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# डॉ. श्रॉफ आई इंस्टीट्यूट में नि:शुल्क लेसिक जांच शिविर 16 मई को

(डॉ. गोपाल चतुवेर्दी)



**वृन्दावन।** मथुरा रोड़ स्थित बी एच आर सी डॉ. श्रॉफ आई केयर इंस्टीट्यूट में आगामी 16 मई 2025 को निःशुल्क लेसिक जांच का शिविर लगाया जाएगा।

इस सम्बन्ध में जानकारी देते हुए इंस्टीट्यूट के वरिष्ठ प्रशासक सीपी मैसी ने बताया कि 16 मई 2025 को हमारे इंस्टीट्यूट में निःशुल्क लेसिक जांच शिविर लगेगा।जिसमें 18 वर्ष से 40 वर्ष तक के चश्मे से आजादी चाहने वाले व्यक्ति इस सुविधा का लाभ उठा सकते हैं।जिसके उपरांत उनका बहुत ही कम कीमत में ऑपरेशन कुशल नेत्र चिकित्सकों द्वारा डॉ. श्रॉफ आई केयर इंस्टीट्यूट में ही किया जाएगा। इस अवसर पर वरिष्ठ सर्जन डॉ. सूफियान दानिश (वरिष्ठ सर्जन), मुकेश कुमार (एच.आर. डिपार्टमेंट), मनोज ठैंनुआ (प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर) आदि उपस्थित रहे।

# अड़ींग में सेवा निधि समर्पण कार्यक्रम



वेलकम इंडिया

**मथुरा।** कल्याणं करोति नेत्र संस्थान द्वारा गांव अड़ींग में सेवा निधि समर्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें संस्थान के सेवा कार्य में जन सहयोग की अपील की गई। विश्व स्तरीय सुविधायुक्त चिकित्सा सेवाओं का लाभ लेन का आग्रह जन मानस से किया गया। ग्रामीणों ने करीब 3 लाख की सहयोग राशि का संकल्प विपन्न नेत्र रोगियों के उपचार हेतु लिया।

संस्थान महासचिव सुनील कुमार शर्मा ने अपील की नेत्र संस्थान के दरवाजे हर तरह के रोगियों हेतु खुले हैं। हमारा ध्येय हर नागरिक को यह महसूस करना है कि यह संस्थान उनका खुद का है ?। इसी क्रम में गांव- गांव जाकर मीटिंग की जारही हैं। सह सचिव के के खण्डेलवाल ने संस्थान का परिचय दिया । मंचस्थ अतिथियों गौरी शंकर यादव, बीएल शर्मा, दिनेश कुन्जी सेठ, मुनीम स्वरूप पूर्व प्रधान अड़ींग, हुब्बलाल धनगर, किशन सैनी, त्रिभुवन नाथ शर्मा, डा हरिनारायण एवं ओम प्रकाश खण्डेलवाल ने भी हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में सुरेश कौशिक, राम किशन दरोगा, शेखर गुप्ता, कैलाश स्वर्णकार, संजू हलवाई, प्रमोद सेठ, डालचंद टेलर, भीम ठाकुर, केशव आर्य, हरिमोहन शर्मा, नेम बघेल, दिगंबर पंडित, गवेन्द्र , दीपक यादव, अशोक सिहोरा, पप्पल आदि का सहयोग रहा। गब्बर सैनी ने सभी का पटुका पहनाकर स्वागत किया। अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किए। संचालन सह सचिव निरूपम भार्गव एवं दिलीप यादव ने बारी बारी से किया।

# प्राकट्योत्सव पर प्राचीन परशुराम जी के विग्रह का हुआ पंचामृत महाभिषेक व महाआरती

**मथुरा।** मंडी रामदास गली गुसाइयान स्थित हनुमान परशुराम मंदिर पर भगवान परशुराम प्राकट्योत्सव के दो दिवसीय आयोजन के प्रथम दिवस मंदिर में प्रतिष्ठित भगवान परशुराम के अष्टधातु के प्राचीन विग्रह का पंचामृत महाभिषेक दूध, दही, घी, शहद बूरा से वैदिक मंत्रोच्चारण, पुरुसूक्त व परशुराम स्त्रोत के मध्य सेवायत पंडित शशांक पाठक व धर्म सलाहकार पंडित अमित भारद्वाज द्वारा किया गया। महाभिषेक के उपरांत सुगंध सेवा, वस्त्र अलंकरण, पुष्प सेवा कर फल मिष्ठान, सत्तू , शरबत का भोग अर्पित किया गया ।तत्पश्चात 108 दीप ज्योतियों से जन्म महाआरती की गई। सेवायत पंडित शशांक पाठक ने बताया कि दो दिवसीय आयोजन के अंतर्गत बुधवार को सहस्त्रार्चन व फूल बंगला का आयोजन होगा। व्यवस्था सहयोग तरुण चोंबाल, विष्णु उपाध्याय श्रीनिवास शास्त्री, हरि शंकर शास्त्री का रहा।

# अमीरुल मोमिनी इंटर कॉलेज की छात्र-छात्राओं का रहा शानदार प्रदर्शन




वेलकम इंडिया

**लखीमपुर खीरी:** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद के नतीजे आने पर छात्र छात्राओं के चेहरे खिल उठे।कस्बा खीरी के अमीरुल मोमनीन इंटर कॉलेज की छात्र छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया।वहीं मोहल्ला डीहपुर निवासी वकील अहमद की पुत्री इलमा ने 84.66 अंक प्राप्त किए।इल्मा अंसारी का लक्ष्य 99 प्लस का था लेकिन इल्मा अंसारी बताती है तैयारी अच्छी की थी लेकिन पेपर टफ होने से इल्मा अंसारी 84.66 अंक ही मिल सके।फिलहाल इल्मा अंसारी ने 84.66 अंक प्राप्त कर न सिर्फ अपने माता पिता का नाम रौशन किया है,बल्कि अपने कॉलेज और टीचर्स का गौरव बढ़ाया है।बात चीत में इल्मा अंसारी ने अपनी सफलता का श्रय अपने माता-पिता और कॉलेज के शिक्षकों को दिया।इल्मा अंसारी डॉक्टर बनना चाहती है।

# मानवता को शर्मसार करने वाला पहलगाम हमला- पंडित नवीन गौड़

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** अखिल भारतीय प्रचार-प्रसार मंत्री, धर्मप्रसार विश्व हिंदू परिषद पंडित नवीन गौड़ ने कहा कि हमला हिंदू मूल्यों के प्रति अटूट समर्पण और राष्ट्रीय जिम्मेदारी के साथ, मैं 22 अप्रैल 2025 को फल्गम की बैसारन घाटी, अनंतनाग, जम्मू-कश्मीर में हुए भीषण आतंकी हमले की कड़े शब्दों में निंदा करता हूँ। इस कायरतापूर्ण कृत्य में आतंकियों ने पर्यटकों को निशाना बनाया, जो कश्मीर की सुंदरता का आनंद लेने आए थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आतंकियों ने पहले पूछा, ह्लक्या तुम हिंदू हो ?ह्व और हिंदू होने की पुष्टि होने पर उन्हें गोली मार दी। एक नौसेना अधिकारी सहित कई निर्दोष हिंदुओं को इस क्रूरता का शिकार बनाया गया। यह हमला भारत की एकता, शांति और हिंदू संस्कृति पर सीधा कुठाराघात है। हिंदू धर्म हमें शांति, साहस और एकजुटता का मार्ग दिखाता है। हमारी बुद्धिमत्ता और सामूहिक शक्ति इस आतंकी जहर को परास्त करेगी। मैं पीड़ित परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता हूँ और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूँ। आतंकवाद का अंत करने के लिए हमें सुरक्षा तंत्र को सशक्त करना होगा। खुफिया नेटवर्क को उन्नत करना होगा। और सामाजिक एकता को अटूट बनाना होगा। इस दुख को शक्ति में बदलें।

# जीएम नर्सिंग एंड पैरामेडिकल कॉलेज ने किया टैबलेट वितरण

वेलकम इंडिया



**मथुरा/गोवर्धन।** जी० एम० नर्सिंग एंड पैरामेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल ने परशुरामजी के जन्मोत्सव व अक्षय तृतीय के शुभ अवसर तृतीय चरण में एएनएम व जीएनएम के छात्र छात्राओं को टेबलेट वितरण किये गए। उपस्थित माननीय श्री ओंकेश्वर महाराज जी, खंड प्रचारक भोजराज , सदर खंड प्रचारक विपिन आदि के द्वारा टेबलेट वितरण का शुभारम्भ किया गया और साथ ही परशुराम जी की प्रतिमा को फूल माला पहनाकर जन्मोत्सव मनाया । स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत जी एम नर्सिंग पैरामेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में 50 से अधिक छात्र छात्राओं को टेबलेट वितरण किया गए। कॉलेज डायरेक्टर बी० बी० शर्मा ने छात्र छात्राओं को इस योजना के बारे में बताया की युवाओं को मुफ्त में डिजिटल एक्सेस भी प्रदान किया जाएगा। छात्र इन टैबलेट के माध्यम से शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे। आने वाले समय में छात्रों को इन टैबलेट के जरिए नौकरी ढूंढने में भी आसानी होगी और साथ ही छात्र छात्राओं को परशुराम जयंती की ढेरों बधाई दी बताया की भगवान परशुराम दया और करुणा के साथ ही अपने शौर्य और पराक्रम के लिए पूजनीय हैं।।वही टेबलेट पाकर छात्र छात्राओं के चेहरों पर मुस्कान देखने को मिली जिसमे जी०० एन० एम० प्रथम वर्ष की छात्र,छात्राएं संध्या, सोनिया, राजवती,संगीता,हर्ष कौशिक ,राधा रमण, हिमांशु, रचित,चरण सिंह,विशाल, और जी०एन०एम० द्वितीय वर्ष की छात्र छात्राएं धारा,आरती शर्मा, वर्षा, सोनू, जयन्ती,अंशु, व ए०एन०एम० प्रथम वर्ष की छात्रा प्रिया,पिंकी, ए०एन०एम० द्वितीय वर्ष की छात्रा चाहना शर्मा आदि रहे।

# भाकियू चढ़ूनी कार्यकर्ताओं ने आजादी के महानायक राजा महेंद्र प्रताप को दी श्रद्धांजलि

वेलकम इंडिया



**मथुरा/बलदेव।** भाकियू चढ़ूनी कार्यकताओं ने कैंप कार्यालय पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और महान क्रांतिकारी आर्यन पेशवा राजा महेंद्र प्रताप सिंह पुण्यतिथि सादगी के साथ मनाई। भाकियू चढ़ूनी प्रदेश प्रवक्ता मंडल अध्यक्ष रामवीर सिंह तोमर ने राजा महेंद्र प्रताप की वीरता और संघर्ष को याद करते हुए बताया कि उन्होंने विदेश में रहकर भारत की आजादी की लड़ाई लड़ी और अपने जीवन के सर्वोत्तम को त्याग दिया। इस मौके पर सभी ने राजा महेंद्र प्रताप को भारत रत्न से सम्मानित किए जाने की मांग भी उठाई। श्री तोमर ने कहा राजा साहब ने आजाद भारत का स्वप्न देखा था। इसको पूरा करने के लिए उन्होंने 32 बरसों तक विदेश में रहकर आजादी का बिगुल बजाया। विदेश में ही रहकर उन्होंने आजाद भारत की पहली सरकार का गठन किया। इसके राष्ट्रपति स्वयं बने। राजा साहब ने वृंदावन में प्रेम महाविद्यालय की स्थापना की थी। यह प्रेम विद्यालय मौजूदा समय में वृंदावन पॉलीटेकनिक संस्थान के तौर पर उम्दा संस्थान माना जाता रहा है।1932 में राजा महेंद्र प्रताप सिंह को शांति के नोबल पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया था। श्रद्धांजलि देने वालों में नरेंद्र उपाध्याय, समीम, महेंद्र सिंह, टीटू, हाकिम सिंह, रविश कुमार, जगदीश पांडेय, देवेंद्र सिंह, राजेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# पहलगाम में हुई हत्याओं के विरोध में शिक्षको ने काली पट्टी बांध किया विरोध प्रदर्शन

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा



**नूरपुर :** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी द्वारा हुई हत्याओं के विरोध में वी. एस. एम. एकेडमी के शिक्षकों ने विरोध प्रदर्शन कर अपने हाथों में काली पट्टी बांध कर विरोध जताया। तथा दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही करने की मांग भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी से की। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में सैलानियों के साथ हुई निर्मम हत्याओं की इस घटना को लेकर समस्त देशवासियों में भारी आक्रोश व्याप्त है। इसी को लेकर स्कूली बच्चों और शिक्षकों ने नारेबाजी करते हुए भारी संख्या में विरोध प्रकट किया । प्रधानाचार्य हिमांशु चौधरी के नेतृत्व में स्कूल के शिक्षकों व स्कूली छात्र-छात्राओं ने इस हत्याकांड के खिलाफ अपना विरोध प्रकट किया और इस संबंध में एक दिन 29 अप्रैल को स्कूल बंद का फैसला किया। साथ ही सरकार ऐसे मामलों का संज्ञान लेकर एक नया कानून बनाए। जिसमें कम से कम फांसी की सजा का प्रावधान हो तथा भविष्य में ऐसी घटनाएं या अपराध देश में फिर कभी घटित न हो। विरोध प्रदर्शन करने वालों में स्कूल के चेयरमैन अशोक चौधरी, प्रधानाचार्य हिमांशु चौधरी, उप प्रधानाचार्य अंकित पाण्डेय सहित विनीता चौधरी, दिव्यांशु चौधरी, अतर सिंह, रॉबिन त्यागी, संदीप कुमार, शकील अहमद, नीरज कुमार, कामेंद्र सिंह, विवेकानंद, पुष्पेंद्र कुमार, नितिन कुमार, सीमा रानी, निर्देश देवी, दीपिका, तरुणा राजपूत, चेतना राजपूत, दीमांशु, किरण राजपूत, शीतल, सोनी राजपूत, मोनिका, पायल, हिमांशी, प्रियांशी, अमरजीत कौर, जन्नत, आयशा सिद्दीकी, कंचन, शाज़िया, सानिया, प्रीति हर्ष शर्मा आदि अध्यापक शामिल रहे।

# राष्ट्रीय हनुमान दल की बैठक उर्मिला गेस्ट हाउस में संपन्न

वेलकम इंडिया



**बुलंदशहर/छतारी/** मंगलवार को राष्ट्रीय हनुमान दल की बैठक छतारी में उर्मिला गेस्ट हाउस में की गई जिसकी अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष रोहित सिंह हिंदू ने की संचालन प्रवेंद्र देशवाल क्षेत्रीय सहसंयोजक भाजपा पश्चिमी उत्तर प्रदेश ने की राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा की सभी हिंदू एक रहेंगे तो सिर्फ रहेंगे और अगर बाटेंगे तो काटेंगे और कहां जात-पात की करो विदाई सारे हिंदू भाई-भाई मुख्य अतिथि और संगठन के संरक्षक अश्वनी ठाकुर ने कहा की प्रधानमंत्री हमारे राष्ट्रीय हनुमान दल के कार्यकताओं को सेना की सेवा का प्रशिक्षण दें,हमारे सभी बजरंगी पाकिस्तान में घुसकर मारेंगे आज राष्ट्रीय हनुमान दल के सदस्यों की संख्या संख्या 9 लाख से अधिक है इतनी तो पूरे पाकिस्तान की फौज की भी संख्या नहीं है हमारे टुकड़ों पर पलने वाले पाकिस्तान की हिम्मत इतनी नहीं हो सकती कि वह हिंदुस्तान से मुकाबला कर सके।

बैठक में मंडल के ब्लॉक के अध्यक्ष प्रदीप जाटव और ब्लॉक के संयोजक आकाश राघव ने ब्लॉक के पदाधिकारियों की घोषणा की सभी को नियुक्ति पत्र दिए और राष्ट्रीय हनुमान दल के कार्यकलापों से अवगत कराया बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष कुलदीप सिंह महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष पूजा भारद्वाज आलोक शर्मा विधानसभा अध्यक्ष, प्रदीप चौहान जिला उपाध्यक्ष,गौरव शर्मा विधानसभा उपाध्यक्ष, योगेंद्र जाटव ब्लॉक प्रभारी, मोनू जाटव ब्लॉक उपाध्यक्ष, मीडिया प्रभारी अवधेश शर्मा, जिला आंदोलन प्रमुख मोना ठाकुर त्यौर, सुंदरम राघव बृजगड़ी, नरेंद्र राघव, पवन राघव,गोलू पंडित, विपिन सूर्यवंशी जिला मंत्री, ब्लॉक संरक्षक प्रवीण जिंदल,जय शिव शर्मा,कमल सिंह प्रधान क्षेत्रीय मंत्री ,सत्येंद्र लोधी, मोनू जाटव, जितेंद्र चौडेरा, दीपक जाटव, सहित सैकड़ो कार्यकताओं ने हिस्सा लिया बैठक तदुपरांत सभी ने छतारी दोराहा स्थित उर्मिला गेस्ट हाउस से लेकर बाबूजी कल्याण सिंह चौक तक कैंडल मार्च निकाला और पहलगांव की आतंकी घटना में दिवंगत हुए वीरों की आत्म शांति के लिए दो मिनट का मौन भी रखा।

# 15 वर्ष की उम्र में 52 से ज्यादा मेडल जीत चुके व्योम त्यागी का नेशनल गेम्स के लिए हुआ चयन

वेलकम इंडिया अनिल कुमार





**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के 15 वर्षीय प्रतिभाशाली खिलाड़ी व्योम त्यागी ने उत्तर प्रदेश के आगरा में 25 से 28 अप्रैल तक आयोजित केंद्रीय विद्यालय रीजनल गेम्स 2025 ताइक्वांडो प्रतियोगिता में अंडर 17 के 48 से 51 किलोभार वर्ग में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए लगातार तीसरे साल गोल्ड मेडल जीतकर प्रदेश और गाजियाबाद जिले का नाम रोशन किया है रीजनल गेम्स में गोल्ड मेडल हासिल करने पर व्योम त्यागी का चयन के.वी नेशनल गेम्स के लिय हुआ है केंद्रीय विद्यालय के छात्र शौर्य चौधरी ने अंडर 14 में 27 से 29 किलो भार वर्ग में गोल्ड मैडल हासिल कर नेशनल खेलने के लिए टिकट पक्का किया है यहा आपको बता दे की व्योम त्यागी पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय कमला नेहरू नगर में कक्षा 10 के छात्र है गाजियाबाद जिले का यह होनहार खिलाड़ी 5 वर्ष की उम्र से ही आंखों में ओलंपिक में गोल्ड मेडल जीतने का सपने लिए कोच संदीप चौहान की देखरेख में में एमडब्ल्यूएस एकेडमी वसुंधरा में कठिन ट्रेनिंग कर रहा है 15 वर्ष की छोटी उम्र में ही व्योम त्यागी देशभर में ताइक्वांडो की विभिन्न चैंपियनशिप में 52 से ज्यादा मेडल हासिल कर चुके है जहा पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय के प्रधानाचार्य आर के शर्मा और मुख्य शारीरिक कोच पार्थ सिंह ने व्योम त्यागी के लगातार तीसरे साल गोल्ड मेडल जीतने पर खुशी जाहिर की है वही अकैडमी के कोच संदीप चौहान ने कहा की व्योम त्यागी अपने अनुशासन और मेहनत से लगातार अपने लक्ष्य की तरफ आगे बढ़ रहा है और निश्चित तौर पर आने वाले टूनार्मेंट में भी बढ़िया खेल का प्रदर्शन कर पदक हासिल करेगा।

# मोदी ग्लोबल स्कूल में इंटर हाउस पॉट डेकोरेशन प्रतियोगिता

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ)।** डॉ. के.एन. मोदी ग्लोबल स्कूल में कक्षा 6 से 9 एवं 11 के विद्यार्थियों के लिए इंटर हाउस पॉट डेकोरेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों की रचनात्मकता, पर्यावरण के प्रति जागरूकता एवं कला में रुचि को प्रोत्साहित करना था। प्रतियोगिता का विषय था ह्लब्लूमिंग नेचर झ्र सेलिब्रेटिंग अर्थह्व। सभी हाउस के प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया और अपने-अपने गमलों को सुंदर रंगों, डिजाइनों और सजावटी सामग्री से सजाया। बच्चों की कलाकृति ने ऑडिटोरियम को एक रंग-बिरंगे और जीवंत दृश्य में बदल दिया। इस अवसर पर स्कूल की कार्यवाहक प्रधानाचार्या सुश्री पूजा शर्मा ने विद्यार्थियों की रचनात्मकता की सराहना की। उन्होंने बच्चों को रंगों की समझ, उनके सही चयन एवं उपयोग के बारे में जानकारी दी। साथ ही, उन्होंने यह भी बताया कि किस प्रकार हम आर्ट इंटीग्रेटेड लर्निंग के माध्यम से कला को अपनी पढ़ाई से जोड़ सकते हैं। प्रतियोगिता का मूल्यांकन रचनात्मकता, साफ-सफाई, विषय से जुड़ाव और संपूर्ण प्रस्तुति के आधार पर किया गया। इस प्रकार की गतिविधियाँ न केवल विद्यार्थियों की कलात्मक क्षमताओं को बढ़ावा देती हैं, बल्कि उनके भीतर सहयोग, धैर्य और प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता जैसे गुणों का विकास भी करती हैं।

# परशुराम जन्मोत्सव के पर शोभायात्रा का आयोजन किया



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ)।** अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री शिव मोहन भारद्वाज अपने पैतृक गांव अबूपुर में भगवान परशुराम जन्मोत्सव के पावन पर्व पर शिव मंदिर अबूपुर मे शोभा यात्रा को झंडी दिखाने के लिए पहुंचे। इस अवसर पर उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए भगवान परशुराम के प्रथम पूर्ण मानव अवतार के बारे में युवाओं को जानकारी प्रदान की। श्री भारद्वाज ने बताया कि भगवान परशुराम चिरंजीवी भगवान है। उन भगवान परशुराम को हम बार-बार नमन करते हैं। इस अवसर पर पुष्कर कृष्ण जी महाराज ,शिव कुमार शर्मा अध्यक्ष एस आर कॉलेज ऑफ लॉ के अतिरिक्त मोदीनगर के पूर्व विधायक सुदेश शर्मा वह हजारों गणमान्य व्यक्तियों एवं युवाओं ने इस शोभायात्रा में भाग लिया । श्री शिव मोहन भारद्वाज ने मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज में हाई स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र यश शर्मा पुत्र जगदेव शर्मा को सम्मानित किया।

# एस.आर.एम. इंस्टीट्यूट में विशेष दीक्षांत समारोह का भव्य आयोजन

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ)।** एस.आर.एम. इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, दिल्ली-एनसीआर कैंपस में विशेष दीक्षांत समारोह भव्यता और गरिमा के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत शैक्षणिक शोभायात्रा के आगमन से हुई, जिसके पश्चात दीप प्रज्वलन और मंगलाचरण ने वातावरण को आध्यात्मिक रूप से सुवासित किया। इस विशेष दीक्षांत समारोह में भारत सरकार के विधि और न्याय मंत्री, माननीय श्री अर्जुन राम मेघवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।मुख्य अतिथि का सम्मानपूर्वक स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इसके उपरांत संस्थापक चांसलर डॉ. टी. आर. परिवेन्धर, (एस.आर.एम. आईएसटी) ने स्वागत भाषण देते हुए संस्थान की उपलब्धियों और प्रगति पर प्रकाश डाला। कुलपति डॉ. मुथामिझचेलवन द्वारा वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की गई ,जिसमें संस्थान की विगत वर्ष की प्रमुख उपलब्धियों का विवरण दिया गया।संस्थापक चांसलर द्वारा औपचारिक रूप से दीक्षांत समारोह का उद्घाटन किया गया। इसके बाद मुख्य अतिथि ने दीक्षांत भाषण दिया, जिसमें छात्रों को उत्कृष्टता तथा समाज सेवा के प्रति प्रेरित किया गया। इसके पश्चात डिग्री प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों का परिचय प्रस्तुत किया गया और मुख्य अतिथि द्वारा उन्हें डिग्रियां प्रदान की गईं। इसके बाद स्नातकों को आचार संहिता का पालन करने की शपथ दिलाई गई।डिग्रियों के औपचारिक वितरण के उपरांत संस्थापक चांसलर द्वारा दीक्षांत समारोह के समापन की घोषणा की गई। तत्पश्चात राष्ट्रीय गान का सामूहिक गायन किया गया, जिससे समारोह का समापन अत्यंत गौरवमयी और प्रेरणादायक वातावरण में हुआ। एसआरएमआईएसटी दिल्ली एनसीआर.निदेशक ,डॉ.एस. विश्वनाथन,डॉ. आर. पी. महापात्रा, डीन ,डॉ. नवीन अहलावत, डीन विज्ञान एवं मानविकी,डॉ. धौम्या भट्ट, डीन आई क्यू ए सी, डॉ. गीता भवानी, डीन रिसर्च के मार्गदर्शन से इवेंट मैनेजमेंट चेयरपर्सन और सदस्यों दुआरा यह शानदार आयोजन एक बड़ी सफलता है। यह दीक्षांत समारोह संस्थान की गौरवशाली परंपरा का प्रतीक बनकर, स्नातकों के लिए एक प्रेरणादायक और अविस्मरणीय अवसर सिद्ध हुआ। अलीगढ कलेक्ट्रेट में दिनेश कुमार गोयल सभापति ने कहा किसान हमारा अन्नदाता है फसल को ध्यान में रखते हुए बिजली की किसी भी प्रकार की कटौती न की जाए।

# महिलाओं के सशक्तिकरण के साथ समाज के दबे कुचलों की सहायता करना है संगठन का उद्देश्य :अलका चौधरी

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ)।** युवा एकता सेवा समिति संगठन द्वारा नगर में राधा रसोई की शुरूआत की जाएगी जिसमें गरीब व मजदूर वर्ग के लोगों को 5 रुपए में भरपेट भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। इसकी जानकारी संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका चौधरी ने मंगलवार को आयोजित एक प्रेस वार्ता के माध्यम से दी। अलका चौधरी ने कहा कि उनकी संस्था युवा एकता सेवा समिति संगठन पिछले 7 वर्षों से समाज सेवा के कार्यों में अग्रणी भूमिका निभा रही है। इसी कड़ी में संगठन मोदीनगर में जल्द ही राधा रसोई की शुरूआत करने जा रहा है जिसमें गरीब व मजदूर वर्ग के लोगों को 5 रुपए में भरपेट लजीज भोजन उपलब्ध कराया जाएगा इसके अलावा उनकी संस्था द्वारा एक ब्यूटी पार्लर कोर्स की भी शुरूआत की जा रही है जिसमें गरीब व आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं को ब्यूटी पार्लर का कोर्स कराने के साथ-साथ गरीब वर्ग की लड़कियों का उनकी शादी के अवसर पर ब्राइडल मेकअप मुफ्त किया जाएगा। साथ ही संगठन की तरफ से उन्हें पांच साड़ियां उपहार स्वरूप भेंट की जाएगी। अलका चौधरी ने कहा कि उनके संगठन से भारतवर्ष में करीब 3 हजार से अधिक लोग जुड़कर समाज सेवा के कार्य को अंजाम दे रहे।




# नेशनल कराटे चैंपियनशिप मे मोदीनगर की टीम ने रनरअप ट्रॉफी पर कब्जा जमाया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ)।** दिल्ली के तालकटोरा इंडोर स्टेडियम में आयोजित नेशनल कराटे चैंपियनशिप मे ( आनिया स्पोर्ट्स कराटे अकैडमी मोदीनगर की टीम ने रनर अप ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। सब जूनियर बालिका वर्ग में आरना गोराई, आनिया,अयाना ने गोल्ड मेडल पर कब्जा जमाया जूनियर बालिका वर्ग में नव्या शर्मा, अनुष्का, एंजेल शर्मा ने सिल्वर मेडल व छवि राणा को ब्रॉन्ज मेडल से संतोष करना पड़ा।

# फसल को ध्यान में रखते हुए बिजली की किसी भी प्रकार की कटौती न की जाए: दिनेश कुमार गोयल




वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद, अनिल वशिष्ठ।** दिनेश कुमार गोयल, सभापति प्रदेशीय विद्युत व्यवस्था संबंधी जांच समिति की अध्यक्षता में अलीगढ़ कलेक्ट्रेट में गार्ड ऑफ ऑनर के पश्चात समिति के सदस्यों के साथ व संजीव रंजन जिलाधिकारी अलीगढ, संजीव सुमन एस0पी0, प्रखर कुमार सिंह सी0डी0ओ0, मुख्य चिकित्सा अधिकारी अलीगढ व विद्युत विभाग के उच्चाधिकारियों के साथ मिलकर जनपद अलीगढ़, एटा, हाथरस के विद्युत विभाग से सम्बन्धित कार्यो की समीक्षा बैठक की। साथ ही विद्युत विभाग से सम्बन्धित बैठक में विद्युत विभाग के अधिकारियों को जनता से सम्बन्धित शिकायतों का निस्तारण शीघ्र किए जाने हेतु निर्देशित किया गया। सभापति दिनेश कुमार गोयल जी ने कहा कि कितने डोमेस्टिक/कमर्शियल विद्युत कनेक्शन आपके जनपद में वर्ष 2024 से अब तक किये गये और कितने शेष है, कितने नलकूपों को कनेक्शन दिए गए, कितने मा0 सदस्यों द्वारा शिकायती पत्र प्राप्त हुए और उनपर क्या कार्यवाही हुई, स्थानीय स्तर पर विद्युत सम्बन्धी प्राप्त शिकायतों की क्या व्यवस्था है, इन सभी महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर बैठक करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश जारी कियें। उन्होंने कहा कि किसान हमारा अन्नदाता है किसानों की फसल को ध्यान में रखते हुए बिजली की किसी भी प्रकार की कटौती न की जाए और लाइनों का स्पेशल ध्यान रखा जाए।इस मीटिंग के दौरान सभापति दिनेश कुमार गोयल के साथ विजय बहादुर पाठक, जितेन्द्र सिंह सेंगर, मानवेन्द्र सिंह गुरू जी सदस्यगण विधान परिषद, जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, एस0पी0, मुख्य चिकित्साधिकारी व विधुत विभाग से सम्बन्धित सभी उच्चाधिकारी मौजूद रहें।

# राजा भईया की मेहनत फिर से रंग लाई राजस्थान पुलिस ने कांस्टेबलों की 9617 पदों पर निकाली भर्तियां

वेलकम इंडिया



जारीकर्ता राजेन्द्रसिंह तोमर

(राजस्थान) कहते है कौशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती प्रदेश में हिन्दुस्तान शिवसेना के राष्ट्रीय प्रमुख और दिल्ली हाई कोर्ट के एडवोकेट राजेन्द्रसिंह तोमर राजा भईया की चलाई गई मुहिम और मेहनत एक बार फिर से रंग ले आई है प्रदेश के पुलिस मुख्यालय में कांस्टेबलों के लगभग 5409 पद पिछले काफी समय से रिक्त पड़े थे जिसका खुलासा राजा भईया द्वारा लगाई गई एक आरटीआई से हुआ था उसके बाद उन्होंने इसके लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री, प्रधान सचिव गृह और पुलिस महानिदेशक को अलग अलग तीन पत्र लीगल नोटिस के रूप में दिनांक 11/11/2024 को भेजे थे तभी से वह बार बार इन पदों पर भर्तियां करने हेतु प्रयासरत थे, इसी क्रम में कल डीजीपी कार्यालय के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड श्री विपिन कुमार पाण्डेय ने कांस्टेबलों की भर्ती हेतु राज्य सरकार की अनुमति के बाद नौ अप्रैल के अपने आदेश की एक प्रति जारी करते उन्हें हुए सूचित किया है कि प्रदेश के पुलिस मुख्यालय ने पुलिस कांस्टेबल के पदों पर 9617 कांस्टेबलों की भर्ती हेतु आवेदन निकाल दिये है जो कि सभी आवेदन ऑन लाइन राजस्थान पुलिस की अधीकृत वेवसाइड पर दिनांक 28/04/25 से 17/05/25 तक भरे जाएंगे उसके बाद लिखित और शारीरिक परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी आवेदन शुल्क सामान्य वर्ग के लिए 600/- रु और एस सी, ओबीसी, व अन्य पिछड़े वर्ग के उम्मीदवारों के लिए 400/- रु जमा करा कर भरे जा सकते हैं शैक्षिक योग्यता कम से कम दसवीं, बारहवीं पास रखी गई आयु सीमा अठारह से चौबीस वर्ष सामान्य वर्ग के लिऐ है तथा अन्य वर्गों के उम्मीदवारों को आयु में छूट भी दी गई है इस बाबत राजा भईया ने आज एक प्रेस नोट जारी करते हुऐ और संबंधित दस्तावेजों की प्रतियां पत्रकारों से साझा करते हुए बताया कि उनकी लड़ाई देश के हर नागरिक को उनका हक और अधिकार दिलाने के लिऐ यूं ही जारी रहेगी इस भर्ती प्रक्रिया से प्रदेश के लगभग 9617 युवक युवतियों को सरकारी नौकरी का लाभ मिलेगा और प्रदेश की पुलिसिंग में भी बढ़ोत्तरी होगी जिससे कानून व्यवस्था में और अधिक सुधार आएगा तथा लगातार कई कई घंटों ड्यूटी करने वाले पुलिस जवानों को भी राहत मिलेगी। इससे पहले राजा भईया ने आरटीआई से सूचना एकत्र कर प्रदेश के जेल विभाग में भी रिक्त पड़े जेल प्रहरियों के 803 पदों पर भर्ती अधिसूचना जारी कराने की मुहिम चलाई थी और जेल विभाग ने इन पदों पर अन्ततः जनवरी 2025 में नियमानुसार भर्तियां की थी।

# एनयूजे( आई )की बैठक में आगरा अधिवेशन 1981 के घोषणा पत्र पर प्रस्ताव पास: जिंदल

वेलकम इंडिया

**मथुरा।** नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट एनयूजे( आई ) के नव निर्वाचित राष्ट्रीय महामंत्री त्रियुगनारायण तिवारी, उत्तर प्रदेश एसोसिएशन ऑफ जर्नलिस्ट,(उपज) के प्रदेश अध्यक्ष सर्वेश कुमार सिंह एवं वरिष्ठ पत्रकार राजीव शुक्ल का मथुरा जंक्शन पर उपज जिला अध्यक्ष अतुल कुमार जिंदल एवं भारतीय किसान यूनियन भानु पहलवान प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष भूरा पहलवान ने भव्य सम्मान किया। उत्तर प्रदेश एसोसिएशन ऑफ जर्नलिस्ट उपज के जिला अध्यक्ष अतुल कुमार जिंदल ने बताया कि बीकानेर में राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश शर्मा ( भोपाल ) की अध्यक्षता में नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट की बैठक आयोजित की गई थी जिसमें देश के करीब 20 राज्यों के 100 से अधिक प्रांतीय पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। बैठक में पत्रकारिता के वर्तमान स्वरूप,माप दंड, गरिमा तथा समस्याओं पर चर्चा की गई ।साथ ही मीडिया की मजबूती के लिए आगरा अधिवेशन 1981 के घोषणा पत्र पर प्रस्ताव पास किया गया।बीकानेर से लौटते समय मथुरा जंक्शन पर एन यू जे आई के राष्ट्रीय महामंत्री एवं उपज के प्रदेश का सम्मान किया गया।

भारतीय किसान यूनियन भानु पहलवान प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष भूरा पहलवान ने कहा मीडिया हमारे लोकतंत्र का चौथा खंभा है जो भारत के किसान की आवाज उठाने, आखिरी छोर तक के व्यक्ति को न्याय दिलाने का काम करती है और देश की मजबूती में मीडिया का अतुलनीय और अद्वितीय योगदान है। मीडिया के हित में लोकतन्त्र की मजबूती के लिए संसद में सुरक्षा कानून बनाने की जरूरत है।

# प्रसिद्ध ज्योत्साचार्य स्वामी कन्हैया महाराज शनि पीठाधीश्वर का उनके भक्तों ने धूमधाम से मनाया जन्मदिन, भक्तो को मिला आशीर्वाद

वेलकम इंडिया

**वाराणसी।** देश की चर्चित एवं प्रसिद्ध ज्योत्साचार्य स्वामी कन्हैया महाराज शनि पीठाधीश्वर का जन्मदिन बड़े धूमधाम से उनके भक्तों ने मनाया` इस अवसर पर स्वामी कन्हैया महाराज के दुगार्कुण्ड स्थित निजी आवास पर भक्तों ने धूमधाम से केक काटकर उनके जन्मदिन की शुभकामनाएं दी` इस अवसर पर काफी संख्या मे भाजपा नेता,विश्व हिंदू रक्षा परिषद के वरिष्ठ पदाधिकारीगण एवं कार्यकर्तागण सहित कई वरिष्ठ समाज सेवियों ने मिलकर स्वामी जी के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें हलवे का केक बनाकर स्वामी जी को खिलाया गया` जन्मदिन समारोह के दौरान आये हुए सभी भक्तो ने स्वामी कन्हैया महाराज को अंगवस्त्र तमाम स्मृति चिन्ह,फोटो एवं काफी संख्या मे गिफ्ट देकर उनसे आशीर्वाद लिया` स्वामी कन्हैया महाराज ने इस अवसर पर कहा कि उनके समस्त जीवन मानव कल्याण के लिए निहित है और वह राष्ट्र से प्रेम करते हैं उनका जीवन राष्ट्र के लिए समर्पित हैं और राष्ट्र के निर्माण के लिए हर हर संभव कार्य करते रहेंगे उन्होंने युवाओं को भी प्रेरित किया कि सभी लोग सनातन धर्म से के प्रति एकजुट हो जाए यही समय है जब देश में एकता की आवश्यकता है इस अवसर पर भाजपा एमएलसी और जिलाध्यक्ष वाराणसी हंसराज विश्वकर्मा भी उपस्थित रहे उन्होंने स्वामी कन्हैया महाराज को ढेर सारी शुभकामनाएं दी इस अवसर पर विश्व हिन्दू रक्षा परिषद के जिलाध्यक्ष राजेश मौर्य,किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष गौतम कुमार, विधि प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष प्रवेश कुमार पांडेय,युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष ओझा एवं तमाम गनमैन व्यक्ति उपस्थित रहे।



# भाजपा महानगर द्वारा वक्फ संशोधन अधिनियम पर जिला कार्यशाला का आयोजन





वेलकम इंडिया

**गाज़ियाबाद।** भारतीय जनता पार्टी महानगर इकाई द्वारा वक्फ संशोधन अधिनियम पर एक जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन आरडीसी स्थित सभागार में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने की जबकि कार्यशाला का शुभारंभ राज्य मंत्री श्री दानिश आजाद अंसारी ने दीप प्रज्वलन कर किया। कार्यक्रम की प्रस्तावना भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने रखी। उन्होंने कार्यशाला की आवश्यकता और उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वक्फ संपत्तियों के संरक्षण और पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु यह अधिनियम महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। राज्य मंत्री श्री दानिश आजाद अंसारी ने अपने मुख्य वक्तव्य में कहा, वक्फ संशोधन अधिनियम अल्पसंख्यक समुदाय की संपत्तियों की सुरक्षा और उपयोगिता को लेकर ऐतिहासिक कदम है। यह अधिनियम पारदर्शिता, जवाबदेही और विकास को बढ़ावा देगा। केंद्र एवं राज्य सरकारें अल्पसंख्यकों के हक में पूरी निष्ठा से कार्य कर रही हैं। इस अधिनियम के माध्यम से भ्रष्टाचार पर रोक लगेगी और वास्तविक हकदारों को लाभ मिलेगा। पूर्व अल्पसंख्यक आयोग सदस्य सरदार एसपी सिंह ने कहा, यह अधिनियम वक्फ संपत्तियों के सही उपयोग का मार्ग प्रशस्त करेगा। वर्षों से लंबित मुद्दों को सुलझाने का यह प्रयास स्वागत योग्य है। पूर्व महापौर आशा शर्मा ने अपने संबोधन में कहा, भाजपा सरकार का उद्देश्य प्रत्येक वर्ग को न्याय देना है। वक्फ अधिनियम में संशोधन इसी दिशा में एक मजबूत कदम है। सहकारी बैंक चेयरमैन कृष्ण वीर चौधरी ने कहा, संपत्ति संबंधी पारदर्शिता और सुशासन लाना वर्तमान सरकार की प्राथमिकता है। वक्फ अधिनियम में संशोधन इसका प्रमाण है। इस अवसर पर मंचासीन अतिथि के रूप में महेश अग्रवाल, हाजी जमालुद्दीन, रीना भाटी, सुशील गौतम, पूर्व विधायक कृष्णबीर सिरोही, बॉबी त्यागी, राजेश त्यागी, उदिता त्यागी, पूनम सिंह, गुंजन शर्मा, नीरज त्यागी, समेत अनेक गणमान्य नेता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के संयोजन में कार्यक्रम संयोजक ललित कश्यप, अमित रंजन, डॉक्टर नदीम कुरैशी, विनोद कसाना, सरदार बलप्रीत सिंह, मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी आदि की भूमिका सराहनीय रही।

# डीएम ने किया कलेक्ट्रेट का निरीक्षण

## स्वच्छता, संसाधनों के पुनः प्रयोग और दायित्व बोध पर दिया जोर



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** जिलाधिकारी दीपक मीणा ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालयों में स्वच्छता की स्थिति, अभिलेखों की व्यवस्थितता तथा विभिन्न विभागों में प्रयोग हो रहे संसाधनों का गहन अवलोकन किया।

डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि कार्यालय परिसर को हर हाल में स्वच्छ और व्यवस्थित रखा जाए। उन्होंने विशेष रूप से इस बात पर बल दिया कि जिन वस्तुओं को अनुपयोगी समझा जाता है, उन्हें अनावश्यक रूप से नष्ट करने के बजाय दोबारा उपयोग योग्य बनाने का प्रयास किया जाए। उन्होंने कहा कि स्वच्छ और सुव्यवस्थित कार्यस्थल न केवल कार्य की गुणवत्ता में वृद्धि करता है, बल्कि यह एक सकारात्मक वातावरण का निर्माण भी करता है। डीएम ने सभी कर्मचारियों से सहजता के साथ संवाद किया और कार्यालय की कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावशाली बनाने के सुझाव साझा किए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कर्मचारी को अपने कार्य दायित्वों की पूर्ण जानकारी होनी चाहिए और उसी के अनुरूप अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना चाहिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक विभाग अपने स्तर पर यह सुनिश्चित करे कि किसी भी प्रकार से सरकारी संसाधनों का दुरुपयोग न हो और सरकारी संपत्तियों का संरक्षण सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि कलेक्ट्रेट कार्यालय को एक आदर्श कार्यालय के रूप में विकसित किया जाएगा। निरीक्षण के समय अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) रणविजय सिंह, अपर जिलाधिकारी (भूमि अध्याप्ति) विवेक मिश्र, नगर मजिस्ट्रेट डॉ. सन्तोष कुमार उपाध्याय सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## आतंकी हमले के शहीदों को श्रद्धांजलि, एनएमओपीएस ने राष्ट्रहित में लिया बड़ा फैसला

**गाजियाबाद।** देशभर में पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) को बहाल करने की मांग को लेकर प्रस्तावित 1 मई 2025 का राष्ट्रीय धरना प्रदर्शन अब स्थगित कर दिया गया है। यह प्रदर्शन दिल्ली के जंतर-मंतर पर होना था, जिसमें देशभर से लाखों शिक्षक, कर्मचारी और अधिकारी जुटने वाले थे। लेकिन हाल ही में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले और उसमें शहीद हुए जवानों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट करते हुए आंदोलन को टालने का निर्णय लिया गया है। यह फैसला नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम (एनएमओपीएस) द्वारा देशहित में लिया गया है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु ने रविवार को शिक्षकों, कर्मचारियों और अधिकारियों की एक ऑनलाइन बैठक में यह घोषणा की। राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु ने साफ शब्दों में कहा कि वर्तमान समय में सबसे बड़ी प्राथमिकता राष्ट्र का सम्मान और सुरक्षा है।

## आबकारी विभाग की मेहनत पर लग रहा ब्लैकमेलिंग का दाग, पैसे नहीं देने पर कार्रवाई की दे रहे धमकी




वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** जनपद गाजियाबाद में आबकारी विभाग शराब की दुकानों की संचालन व्यवस्था को सुदृढ़ करने और नशे की अवैध बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए लगातार कठोर कदम उठा रहा है। विभागीय अधिकारियों की पूरी टीम जिले भर में सक्रिय होकर ओवररेटिंग, अवैध शराब की बिक्री, और लाइसेंस उल्लंघन के मामलों की कड़ी जांच कर रही है। लेकिन इसी बीच एक नई समस्या सामने आ रही है।

पत्रकारिता के नाम पर कुछ लोग शराब विक्रेताओं को धमकाकर उनसे वसूली करने की कोशिश कर रहे हैं। इन तथाकथित पत्रकारों द्वारा किए जा रहे इस कृत्य से न केवल शराब की दुकानों की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंच रहा है, बल्कि विभाग की मेहनत और छवि भी खतरे में पड़ रही है। आबकारी विभाग के अधिकारियों के लिए यह समय बहुत चुनौतीपूर्ण बन गया है। विभाग की टीम को अक्सर शिकायतें मिलती हैं कि कुछ विक्रेता ओवररेटिंग कर रहे हैं, अवैध शराब बेच रहे हैं या अन्य नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। इन शिकायतों के समाधान के लिए आबकारी विभाग तत्पर है और हर शिकायत पर जांच कर त्वरित कार्रवाई करने की प्रक्रिया में है। मगर अब कुछ फर्जी पत्रकार विभाग और विक्रेताओं दोनों को निशाना बनाकर अपनी जेब भरने की कोशिश कर रहे हैं। ये लोग सबसे पहले शराब की दुकानों पर पहुंचते हैं, वहां विक्रेताओं के साथ ओवररेटिंग या अन्य छोटे-मोटे मुद्दों को लेकर बहस करते हैं और फिर उनका वीडियो बनाते हैं। यदि विक्रेता इस डर से वीडियो के सामने आने से बचने की कोशिश करता है, तो उसे सीधे धमकी दी जाती है कि दुकान बंद करवा दी जाएगी या संबंधित आबकारी निरीक्षक के खिलाफ शिकायत की जाएगी। यदि दुकान के मालिक या विक्रेता इन दबावों के आगे नहीं झुकते, तो ये लोग शिकायत के साथ वीडियो को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर डालकर विभाग और विक्रेता दोनों की साख को ठेस पहुंचाते हैं।

### ब्लैकमेलर्स के खिलाफ बनाई रणनीति

आबकारी विभाग की टीम इन फर्जी पत्रकारों और ब्लैकमेलर्स के खिलाफ अब गंभीर कदम उठाने की योजना बना रही है। विभाग ने इस तरह के अपराधों से निपटने के लिए एक कड़ी रणनीति बनाई है। ऐसे पत्रकारों और शकायतकताओं की पहचान की जा रही है जो सिर्फ अपनी निजी स्वार्थ सिद्धि के लिए विभाग और विक्रेताओं के खिलाफ झूठे आरोप लगाते हैं। अब इस तरह के मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिला आबकारी अधिकारी ने घोषणा की है कि जल्द ही इन ब्लैकमेलर्स की एक सूची तैयार की जाएगी और इसे जिलाधिकारी के सामने रखा जाएगा, ताकि इन पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जा सके।

# प्रदेश के चार जिलों में 75 सेनेटरी नैपकिन वितरण यंत्रों की स्थापना



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** महिला सशक्तिकरण और किशोरियों के स्वास्थ्य संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के अंतर्गत गाजियाबाद, मेरठ, कानपुर देहात और उन्नाव जनपदों के शासकीय विद्यालयों में कुल 75 सेनेटरी नैपकिन वितरण यंत्रों की स्थापना का कार्य प्रारंभ किया गया है। यह कार्यक्रम राज्यसभा सांसद डॉ. लक्ष्मीकांत वाजपेयी की अध्यक्षता में गाजियाबाद के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज (जीजीआईसी), विजयनगर में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की गरिमामयी शुरूआत सांसद डॉ. वाजपेयी, विधायक संजीव शर्मा एवं संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) संस्था के अध्यक्ष अवनीश त्रिपाठी की उपस्थिति में दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इस अवसर पर विद्यालय की छात्राओं ने मनोहारी सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं। डॉ. वाजपेयी ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा लाल किले से दिए गए 'नारी शक्तिज के आह्वान को आत्मसात करते हुए, महिला सशक्तिकरण को केंद्र में रखकर यह प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पूर्व में तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम (ओएनजीसी) के सहयोग से मेरठ और हापुड़ जिलों में 15,000 से अधिक कुपोषित बच्चों व गर्भवती महिलाओं को पोषण किट प्रदान कर कुपोषण के विरुद्ध व्यापक अभियान चलाया गया था। इस क्रम में, इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड (ईआईएल) के सहयोग से मेरठ में 55, गाजियाबाद में 7, कानपुर देहात में 6 तथा उन्नाव में 7, इस प्रकार कुल 75 सेनेटरी नैपकिन वितरण यंत्रों की स्थापना की जा रही है।

# सुदामा चरित्र से गूंज उठा रामलीला मैदान, श्रद्धालुओं की उमड़ी विशाल भीड़



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** वसुंधरा सेक्टर-1 स्थित रामलीला ग्राउंड मंगलवार को भक्ति, श्रद्धा और संस्कृति की भव्य झलक का साक्षी बना। यहां चल रही सप्ताहिक श्रीमद्भागवत कथा का आज भव्य समापन हुआ, जिसमें सुदामा चरित्र के भावपूर्ण वर्णन ने उपस्थित श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। कथा व्यास गौभक्त, श्रद्धेय पंडित रोहित कृष्ण शास्त्री ने श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता की दिव्य कथा का ऐसा मार्मिक वर्णन किया कि सैकड़ों की संख्या में उपस्थित भक्तजन आनंद और भक्ति में डूब गए। कथा में यह संदेश प्रतिध्वनित हुआ कि सच्ची भक्ति और निश्छल प्रेम से ईश्वर भी अपने भक्तों की सेवा में प्रस्तुत हो जाते हैं। सुदामा चरित्र हमें जीवन में आई कठिनाइयों का सामना करने की सीख देता है। सुदामा का निःस्वार्थ समर्पण ही उनकी असली मित्रता को दशार्ता है। कथा के बीच-बीच में भजनों पर श्रद्धालुओं ने नृत्य करते हुए जोर-जोर से जय श्रीकृष्ण के जयकारे लगाए। भागवत कथा के श्रवण से मन आत्मा को परम सुख की प्राप्ति होती है। सुदामा चरित्र के प्रसंग में कहा कि अपने मित्र का विपरीत परिस्थितियों में साथ निभाना ही मित्रता का सच्चा धर्म है। सच्चा मित्र वही है जो अपने मित्र को सही दिशा प्रदान करे, उसकी गलती पर उसे रोके और सही राह पर उसका साथ दे। समापन दिवस पर कथा स्थल को फूलों, दीपों और रंग-बिरंगे ध्वजों से विशेष रूप से सजाया गया था। भक्तों के स्वागत के लिए समर्पित स्वयंसेवकों की टीम लगातार व्यवस्था में जुटी रही।

# विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा के तत्वाधान में भगवान परशुराम प्रकटोत्सव विशाल यज्ञ







वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद श्री दूधेश्वर नाथ महादेव मठ मंदिर विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा के तत्वाधान में में भगवान परशुराम प्रकटोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया इस अवसर पर विशाल यज्ञ का आयोजन किया गया संस्था के पीठाधीश्वर ब्रह्मऋषि विभूति बीके शर्मा हनुमान ने बताया कि परशुराम राजा प्रसेनजित की पुत्री रेणुका और भृगुवंशीय जमदग्नि के पुत्र थे। वे विष्णु के अवतार और शिव के परम भक्त थे। इन्हें शिव से विशेष परशु प्राप्त हुआ था। इनका नाम तो राम था, किन्तु शंकर द्वारा प्रदत्त अमोघ परशु को सदैव धारण किये रहने के कारण ये परशुराम कहलाते थे। परशुराम भगवान विष्णु के दस अवतारों में से छठे अवतार थे, जो वामन एवं रामचन्द्र के मध्य में गिना जाता है। जमदग्नि के पुत्र होने के कारण ये 'जामदग्न्य' भी कहे जाते हैं। इनका जन्म अक्षय तृतीया, (वैशाख शुक्ल तृतीया) को हुआ था। अतः इस दिन व्रत करने और उत्सव मनाने की प्रथा है। परम्परा के अनुसार इन्होंने अहंकारपूर्ण दमन से विश्व को मुक्ति दिलाने के लिए इनका जन्म हुआ था। ब्रह्मऋषि विभूति बीके शर्मा हनुमान ने यह भी बताया कि परशुराम सबसे विरले हैं। वे ब्राह्मण हैं, ऋषि हैं, तपस्वी हैं किंतु उनके कर्म योद्धाओं जैसे हैं। उनका जन्म श्रीराम से पहले हुआ लेकिन वे राम के समय अर्थात त्रेतायुग से लेकर बलराम के समय अर्थात द्वापर तक पूरी प्रभा व प्रभाव के साथ उपस्थित हैं। उनके तप, तेज और तेवर का प्रभामंडल इतना प्रशस्त है कि दशावतार की गणना में उन्हें साक्षात विष्णु का ह्यआवेशावतारह्ण मानकर भगवान परशुराम कहते हुए वंदना की गई है। ऋषि परम्परा में न कोई उनके समकक्ष है न उनके समतुल्य। परशुराम केवल एक ही हैं। पौराणिक संदर्भों के अनुसार परशुराम भृगु वंश में जन्मे थे। भृगु के पुत्र च्यवन हुए, च्यवन के ऋचीक, ऋचीक के जमदग्नि और जमदग्नि के पुत्र परशुराम। इस तरह उनकी पितृ परम्परा परम्यशस्वी है। ऋचीक का विवाह प्रख्यात ऋषि विश्वामित्र की बहन सत्यवती से हुआ था। इस लिहाज से विश्वामित्र परशुराम की दादी के सहोदर थे। परशुराम जमदग्नि और रेणुका के पांच पुत्रों रुक्मवान, सुखेण, वसु और विश्वानस के बाद सबसे छोटे थे और अपने चार अग्रजों की तुलना में परम पितृ भक्त थे। वे वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की अक्षय तृतीया को जन्मे थे। माना जाता है इसी तिथि से त्रेतायुग का प्रारंभ हुआ है। इस अवसर पर विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष महेश कुमार शर्मा, रविंद्र कुमार शर्मा, महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय अध्यक्ष सीमा भार्गव, राष्ट्रीय महासचिव मधु शर्मा, उपाध्यक्ष बृजपाल शर्मा, आरसी शर्मा, महासचिव रघुनंदन भारद्वाज, सुभाष शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष बृजपाल शर्मा, ऋषिपाल शर्मा, प्रमोद कुमार शर्मा, अशोक कुमार शर्मा साधु दादरी, अलोकचंद शर्मा, कपिल पंडित, विनीत कुमार शर्मा, संगठन मंत्री मनोज शर्मा, राष्ट्रीय संयोजक अशोक भारतीय, मदनपाल शर्मा, शिव कुमार शर्मा, आचार्य ब्रिजेश दत्त गॉड, धर्म प्रचारक आचार्य ब्रिज किशोर शर्मा बृजवासी, प्रचारक नीरज शर्मा, मिलन मंडल अजय कुमार शर्मा जिला अध्यक्ष नोएडा, युवा महानगर अध्यक्ष कार्तिकेय शर्मा, डॉ एन एस तोमर, समाजसेवी का विनीता पाल, डॉ शीला रानी, वरिष्ठ समाज सेवी छोटेलाल कनौजिया, प्रदेश संयोजक राजेश शर्मा, प्रदीप चौधरी, आशु पंडित, राजकुमार शर्मा, डॉ मुकेश कुमार आदि रहे।